तापमान
33.0° अधिकतम | 18.9° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार


माह-ए-रमजान
इफ्तार शाम 6:01 शुक्रवार
सेहरी सुबह 4:34 शनिवार

www.lagatar.in | शुक्रवार 15 मार्च 2024 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 05, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 327 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## राजधानी रांची शहर की बदहाल सड़कें

**पियूष गौतम/तरुण कुमार चौबे। रांची :** राजधानी के कई इलाकों में चल रहे विकास कार्यों की वजह से शहर की मुख्य सड़कें व बाइलेन जहां-तहां से खोद दी गई हैं. कार्य पूरा होने के बाद भी कई स्थानों की सड़कों की मरम्मत के काम अब तक शुरू नहीं हो पाये हैं, जिस कारण सड़कों का हाल और भी बदतर होता जा रहा है. सड़कें धूल-मिट्टी और गिट्टी से भरी पड़ी हैं, जिससे सड़कों पर बहुत अधिक प्रदूषण हो रहा है. इससे लोगों में सांस संबंधी बीमारियां होने का भी खतरा मंडरा रहा है.

### खोदे गड्ढों के कारण ओल्ड एचबी रोड में जाम

होटल पार्क स्ट्रीट और ब्लेसिंग बैंक्वेट हॉल के समीप शहर की मुख्य सड़क के बीचों-बीच पाइप बिछाने के लिए बड़े-बड़े गड्ढे खोदे गए हैं. वाहनों के आवागमन के दौरान सड़क पर कई बार वाहनों का लम्बा जाम लग जाता है.


### न्यू नगर, दीपाटोली में कब बनेगी सड़क

स्थानीय लोगों ने बताया कि पाइप बिछाने के लिए सड़क तो खोद दी गई, लेकिन दोबारा इसका निर्माण कब होगा, यह कहना मुश्किल है. जल्द सड़क को दुरुस्त नहीं किया गया तो अपने निजी वाहन को घर में प्रवेश कराना और बाहर निकालना मुश्किल हो जाएगा.



### ढेला टोली: गड्ढे में है पूरी सड़क

ढेला टोली में 100 मीटर तक सड़क पर केवल मिट्टी ही नजर आ रही है. देखने पर ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे पक्की सड़क यहां कभी बनी ही नहीं. पूरे रास्ते पर गड्ढों की भरमार है. राह चलते लोग आये दिन गिर जाते हैं, लेकिन इसको देखने वाला कोई नहीं.



### सरना टोली में सड़क पर नाली का पानी



सरना टोली की बदहाल सड़क व कचरों से भरकर जाम हो चुकी नालियों से लोग परेशान हैं. गंदा पानी सड़क के ऊपर तक बहते देखा जा सकता है. यहां से गुजरते वक्त लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है.

### हैदर अली रोड: पैदल चलना भी दुश्वार है

सैमफोर्ड हॉस्पिटल के ठीक पास वाली गली की सड़क टूटी-फूटी अवस्था में है. वाहन या पैदल चलने वाले राहगीरों के लिए यहां चलना कांटे भरे रास्तों को तय करने जैसा है. लोग इसी रास्ते से आना-जाना करते हैं.



---

**गौशाला न्यास समिति :** डेडलाइन समाप्त, जमीन बेचे जाने पर चुप्पी, सदस्यता पर भी फैसला नहीं

# फैसला...ना बाबा ना

**राजन बॉबी। रांची**

रांची गौशाला न्यास समिति के चेयरमैन रतन जालान ने आमसभा में 15 दिन के अंदर 110 सदस्यों की सदस्यता का मसला सुलझाने के साथ ही साथ औने-पौने दाम पर गौशाला की जमीन बेचने के मामले को सुलझा लेने का आश्वासन आम सदस्यों को दिया था. लेकिन गुरुवार को डेडलाइन समाप्त हो जाने के बाद भी कोई सकारात्मक पहल नहीं की गयी. एक पखवारे के दौरान सदस्य लगातार सवाल उठाते रहे है, चेयरमैन रतन जालान रटा-रटाया जवाब देते रहे... मिल बैठ कर सब मामला सुलझा लेंगे. लेकिन न मिलजुल का बैठने का समय मिला, न विवाद सुलझाने का. सिर्फ बतौलेबाजी ही होती रही. उधर समाज के वाट्स एप ग्रुप में सवाल-जवाब के साथ तीखी नोंकझोंक होती रही. समाज के ग्रुप में विवाद बढ़ा, तो गाली-गलौज तक भी नौबत आ गयी. आरोप-प्रत्यारोप, छी-छी, थू-थू तक होता रहा, लेकिन जिम्मेवार मामला सुलझाने की बजाय और उलझाते ही रहे. सदस्यों को आश्वासन की घुट्टी पिलाते रहे.

पूर्व में बनाये सदस्यों को मान्यता देने का मामला अब भी लटका हुआ है. सदस्यों का कहना है कि जब सदस्यता ही नहीं देनी थी, तो फिर उनसे पैसे लेकर गौशाला के खाते में क्यों डाल दिए गए. सदस्यता नहीं देनी थी, तो तत्काल मामले को सलटा देना चाहिए था. बाढ़ू मौजा की गौशाला की जमीन कम कीमत में बेचे जाने के मामले में ट्रस्टी और पदाधिकारियों की रहस्मयी चुप्पी बरकरार है. गौशाला न्यास समिति के चेयरमैन रतन जालान कहते हैं कि ट्रस्टियों की व्यस्तता के कारण बैठक नहीं हो पायी है. लेकिन देखते हैं, एक-दो दिनों में विचार-विमर्श कर मामले को सर्वसम्मति से सुलझाने का प्रयास किया जायेगा.

**सदस्यों में रोष, कहा- जल्द से जल्द फैसला लिया जाए :** चेयरमैन रतन जालान के आश्वासन के बाद भी तय समय पर फैसला नहीं लिए जाने से सदस्यों में रोष है. सभी का कहना है कि 15 दिनों तक हम इंतजार करते रहे, लेकिन माननीयों ने अबतक मामला लटकाये रखा है. मसला सुलझाने के लिए सार्थक प्रयास नहीं किया गया है. विरोध ज्यादा होने पर 135 में से 25 सदस्यों की सदस्यता को तो मान्यता दे दी गयी, लेकिन 110 सदस्यों का मामला लटकाये रखा गया है. दावा करने वाले यों ही आवाज बुलंद नहीं कर रहे. सभी के पास सदस्य बनाये जाने के पुख्ता प्रमाण भी हैं. लेकिन उनकी सदस्यता का मामला जानबूझ कर लटकाये रखा गया है.


### उम्र के अंतिम पड़ाव में झूठ बोलेंगे : बेनी प्रसाद



पीड़ित बुजुर्ग बेनी प्रसाद अग्रवाल ट्रस्टी और पदाधिकारियों के फैसले से आहत हैं. वे बताते है कि दु:ख होता है. उम्र के अंतिम पड़ाव में आकर क्या हम गौ माता की सेवा के नाम पर झूठ बोलेंगे. सेवा भावना हृदय में थी, इसी कारण 11 सौ रुपये देकर फार्म जमा कराया था. साथ ही 21 हजार रुपये का डोनेशन भी दिया था. बाद में सदस्यता का प्रमाण पत्र भी गौशाला न्यास समिति ने हमें सौंपा, लेकिन नई कार्यकारिणी ने मान्यता नहीं दी. बेनी पूछते हैं कि संयोग से दो ट्रस्टी नहीं रहे, लेकिन उस वक्त के सचिव ज्योति बजाज तो जीवित हैं. आखिर ट्रस्टी और पदाधिकारी उनसे पूछ कर सही फैसला क्यों नहीं लेते हैं?

### अधिकारियों को भेजा जा रहा पत्र, कोर्ट जाने की है तैयारी

सदस्यता नहीं देने के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे सदस्य अब आर-पार की लड़ाई के मूड में आ गये हैं. एक पीड़ित ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. ट्रस्टी और पदाधिकारियों की तानाशाही के खिलाफ डटे रहेंगे. जहां तक लड़ाई लड़नी होगी लड़ेंगे. विरोधी पक्ष की ओर से गौशाला के माननीयों के खिलाफ प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत पत्र भेजा जा रहा है. अदालत में मुकदमा दायर करने की भी तैयारी शुरू कर दी गयी है. एक-दो दिन में फैसला कर देना चाहिए. एक सदस्य का कहना है कि मामला इतना बड़ा नहीं है कि महीना भर मंथन करना पड़े. गौशाला में सदस्य जितने ज्यादा होंगे, सेवा कार्य उतने ही सुचारू रूप से चलेगा. फिर लड़ाई और झंझट कैसा. हम तो कोई जागीर मांग नहीं रहे, सिर्फ इतना हीकह रहे हैं कि यदि सदस्य बनाया है, तो मान्यता भी दी जानी चाहिए.



### सदस्य बनाने का पुख्ता प्रमाण नहीं, तो कैसे मान्यता दें : रतन जालान

न्यास के चेयरमैन रतन जालान ने कहा कि 110 लोगों को सदस्य के रूप में मान्यता नहीं देने और गौशाला की जमीन बेचे जाने का फैसला उनके अकेले का नहीं है. ट्रस्टियों की हुई बैठक में सर्वसम्मति से सारे फैसले लिए गये हैं. जालान ने बताया कि शुरुआत में 135 लोगों को पूर्व चेयरमैन स्व: ज्ञानप्रकाश बुधिया के हस्ताक्षर से सदस्य बनाया गया दिखाया जा रहा, लेकिन गौशाला में इसके पुख्ता प्रमाण नहीं मिले हैं. इस कारण ही उन्हें मान्यता नहीं दी जा रही. उन्होंने बताया कि प्रमाण नहीं मिलने के बाद भी 135 में से 25 सदस्यों को फिर से प्रक्रिया पूरी करा कर सदस्यता दी गयी है. भविष्य में अन्य को भी मौका दिया जायेगा. इसे मूंछ की लड़ाई बनाना किसी भी तरह से जायज नहीं है. गौ माता की सेवा बैगर सदस्य बने भी कर सकते हैं. सनातनियों के घरों में पहली रोटी गाय के लिए निकालने की परंपरा है. स्वयं से पहले गौ माता को स्थान दिया जाता है. सेवा भाव से कार्य करते रहें, समय आने पर सदस्य बनने का मौका सभी को दिया जायेगा.

### आजीवन सदस्य बनाने का फैसला यों ही नहीं लिया जाता

उन्होंने बताया कि गौशाला का आजीवन सदस्य बनाने का फैसला यूं ही नहीं लिया जाता. इसकी संवैधानिक प्रक्रिया है. सदस्य बनने के इच्छुक लोग 11 सौ रुपये का फार्म भर कर जमा करते हैं. इसके बाद कार्यकारिणी समिति फार्म की जांच कर उसे ट्रस्ट बोर्ड के पास भेजती है. ट्रस्टी की मंजूरी मिलने के बाद ही उक्त व्यक्ति को सदस्यता प्रमाण पत्र दिया जाता है.

### जमीन बेचने में किसी तरह का घपला-घोटाला नहीं हुआ

चेयरमैन रतन जालान ने कहा कि बाढ़ू मौजा में गौशाला की जमीन बेचे जाने का फैसला उन्होंने नहीं लिया है. बताते हैं कि वर्ष 2013 में गोपालका प्रोजेक्ट के साथ पूर्व ट्रस्टी स्व: ज्ञानप्रकाश बुधिया ने एग्रीमेंट किया था. इसमें सचिव सज्जन सर्राफ सहित कई ट्रस्टियों का हस्ताक्षर युक्त पत्र उनके पास है. राजकुमार केडिया और संजीव खीरवाल को एग्रीमेंट के दौरान तय रेट पर जमीन बेची गयी. वह भी 2021 में गोपालका प्रोजेक्ट के संचालक किशन गोपालका के अनुरोध पर रजिस्ट्री करायी गयी थी इसके लिए बकायदा त्रिपक्षीय एकरारनामा भी बनाया गया था, जिस पर सभी के हस्ताक्षर हैं. जमीन बेचने में किसी तरह का घपला-घोटाला नहीं हुआ है. पूरी पारदर्शिता बरती गयी है. रतन बताते हैं कि 2022 में बेहतर काम और सेवा को देखते हुए ट्रस्ट बोर्ड ने उन्हें चेयरमैन बनाया है. जमीन रजिस्ट्री के वक्त तो वे सिर्फ ट्रस्टी थे. ऐसे में जमीन बेचे जाने के मामले से उनका कोई लेना-देना नहीं है. हम सेवा भाव से गौशाला से जुड़े हैं. तन, मन और धन से समर्पित हो कर काम करते हैं. धपला-घोटाले का आरोप बेमानी है.

---

# शहर में रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम की कमी, पानी गया पाताल

## घर-घर में लोगों ने करवा रखी है बोरिंग, नगर निगम असहाय

**खास बातें**

- पिछले वर्ष निगम ने कहा था 20 फीट नीचे गया जलस्तर
- दावा-85%घरों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, हकीकत में ऐसा नहीं है

**तरुण चौबे। रांची**

रांची में हर साल भूगर्भ का जलस्तर नीचे गिर रहा हैं. कई इलाकों में यह इतना नीचे चला गया है कि कई घरों की बोरिंग फेल गयी हैं. पिछले वर्ष नगर निगम के बोर्ड की बैठक में जानकारी दी गई थी कि हर साल राजधानी का जलस्तर 20 फीट तक नीचे जा चुका है. इसका बड़ा कारण शहर का तेजी से कंक्रीटीकरण माना जा रहा है. निगम के अनुसार राजधानी में 3500 से अधिक अपार्टमेंट हैं. निगम के अधिकारी दावा करते हैं कि 85 प्रतिशत से अधिक अपार्टमेंट्स में रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम तैयार कर लिया गया है. लेकिन धरातल पर सच्चाई कुछ और ही नजर आती हैं. 2014 से पहले बने अधिकतर अपार्टमेंट में रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं है.

नगर निगम का नियम कहता है कि 2014 से पहले बने किसी भी अपार्टमेंट में उसके द्वारा दी जा रही सुविधा शुरू करने के लिए होल्डिंग नंबर, बिजली बिल की ही जरूरत है. आपको ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट देने की जरूरत नहीं है. ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट तब दिया जाता हैं, जब कोई नगर निगम द्वारा बनाये गए नियमों के अनुसार भवन या अपार्टमेंट का निर्माण करता है. इन सब नियमों के कारण पुराने बने अपार्टमेंट वाले बच जाते हैं, और लोग रेन हार्वेस्टिंग पर पैसे खर्च करने से बचते हैं. इस बात का सबसे बड़ा प्रमाण यह कि नगर निगम ने 2024 तक कुल 314 अपार्टमेंट में ही वाटर सप्लाई का कनेक्शन दिया है. इन सबका नतीजा यह है कि साल दर साल रांची का भू-जलस्तर हर साल नीचे जा रहा है.

### नगर निगम को पांच नए टैंकर मिले




गर्मी में रांचीवासियों को जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम ने इसी सप्ताह 20 नये टैंकर खरीदे हैं. उन 20 टैंकरों में से पांच टैंकर गुरुवार को नगर निगम को मिल गये. बाकी टैंकर एक सप्ताह के भीतर फेज वाइज प्राप्त होंगे. हालांकि नगर निगम ने कितने फेज में कुल 20 टैंकर की डिलीवरी होगी इसकी जानकारी नहीं दी है. इन 20 टैंकरों की क्षमता प्रति टैंकर 4000 केएल (किलोलीटर) है. इन टैंकरों के माध्यम से नगर निगम आवश्यकतानुसार मोहल्लों में निःशुल्क पेयजलापूर्ति करेगा. इसके अलावा गर्मी शुरू होने से पहले नगर निगम द्वारा पुराने टैंकरों का भी रंग-रोगन किया जा रहा है.

**कितने टैंकर है निगम के पास**

- 02 किलोलीटर के तीन टैंकर
- 06 किलोलीटर के चार टैंकर
- 04 किलोलीटर के 46 पुराने टैंकर
- 04 किलोलीटर के 20 न्यू टैंकर
- 05 किलोलीटर का 1 टैंकर

### 500 फीट पर हो रही बोरिंग

राजधानी रांची में पांच साल पहले तक 250 फीट पर पानी मिल जाया करता था. लेकिन वर्तमान में 500 फीट पर बोरिंग करनी पड़ रही है. शहर में वर्तमान में अधिकांश घरों में निजी बोरिंग है. व्यावसायिक प्रतिष्ठान बड़े पैमाने पर भू-जल का दोहन कर रहे हैं. बाकी कसर गली-गली पानी बेचने वालो ने पूरी कर दी है. पानी बेचने वाले व्यवसायी 50 मीटर पर बोरिंग कर पानी बेच रहे हैं. बाजार में बोतलबंद पानी की मांग भी पहले की तुलना में दो गुनी बढ़ गई है. पानी की समस्या को देखते हुए गली-मोहल्लों में आरओ वाटर प्लांट तक खुल गए हैं. प्लांट संचालक जहां 20-30 बोतल पानी हर दिन बेचते थे, अब इनकी संख्या बढ़ कर 40-60 बोतल तक पहुंच गई है. गर्मी के दिनो में नगर निगम की एजेंसी के पास टैंकर से पानी पहुंचाने के लिए प्रत्येक दिन 200 से ज्यादा लोगों के फोन आते हैं. यह भी जलस्तर नीचे खिसकने का मुख्य कारण है.

**472 दुकानों के पास परमिशन**

नगर निगम के अनुसार व्यावसायिक बोरिंग के लिए सेंट्रल ग्राउंड वॉटर बोर्ड से परमिशन लेनी पड़ती है. लेकिन रांची में सिर्फ 472 प्रतिष्ठानों ने ही परमिशन ली है. जिसमें नामकुम में 226, कांके में 226 और रातू में 19 लोगों को ही परमिशन प्राप्त है. जबकि रांची में हजारों प्रतिष्ठान, होटल, अपार्टमेंट सहित अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों ने बोरिंग करवा रखी है.

---

# युवक को अपराधियों ने गोली मारी, मौत

## ग्रामीणों ने रांची-गुमला और रांची-लोहरदगा मुख्य सड़क जाम की

**संवाददाता। बेड़ो (रांची)**

जिले की बेड़ो सब्जी मंडी से सब्जी खरीद कर अपने साले के साथ घर वापस लौट रहे युवक शंकर उरांव की गुरुवार शाम गोली मार कर हत्या कर दी गई. अपराधी घटना को अंजाम देकर भाग निकले. शंकर उरांव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. शंकर की हत्या से लोगों में भारी आक्रोश है. समाचार लिखे जाने तक आक्रोशित ग्रामीणों ने महावीर चौक के पास मुख्य सड़क को जाम कर दिया. बेड़ो पुलिस जांच में जुट गई है. शंकर की हत्या आखिर क्यों की गई, हत्या के क्या कारण थे. बेड़ो पुलिस कुछ बता नहीं पा रही. फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है. बेड़ो के जेंदो उरांव के मंझले बेटे शंकर की हत्या से पूरे बेड़ो में उबाल है.

शंकर अपने भाइयों में दूसरे नंबर पर था. बताया गया कि मंडी से सब्जी खरीद कर शंकर अपने साले सुनील के साथ बाइक से वापस घर लौट रहा था. तभी सब्जी मंडी ऑफिस के पास भीड़ भाड़ वाले इलाके में ही घात लगा कर अपराधियों ने उस पर ताबड़तोड़ गोली चला दी. शंकर की पीठ में गोली लगी और वह वहीं ढेर हो गया. गोलीबारी में उसका साला बच गया. फिलहाल पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है. सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं. बेड़ो के थाना प्रभारी विनीत कुमार किड़ो सहित कई पुलिस के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और जांच पड़ताल में जुटे हुए हैं. पुलिस के अफसर लोगों को समझा-बुझा कर जाम हटाने में जुटे हैं. लेकिन आक्रोशित लोग मानने के लिए तैयार नहीं. सड़क जाम करने के बाद रांची-गुमला और रांची-लोहरदगा मुख्य सड़क पर जाम के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई. आक्रोशित ग्रामीण डीसी एवं एसपी को बुलाने की मांग कर रहे हैं.



**खास बातें**

- बाजार से साले के साथ सब्जी लेकर लौट रहा था शंकर उरांव
- हत्या की वारदात से पूरे बेड़ो इलाके में भारी तनाव

---

**अच्छी खबर:** राज्य की आय पिछले नौ वर्षों में 9.3 फीसदी तक बढ़ी

# झारखंड की आय बढ़कर हुई 98,337 करोड़ रुपये

**रवि भारती। रांची**

झारखंड की आय में पिछले नौ साल में 9.3 फीसदी का इजाफा हुआ है. वर्तमान में टैक्स से प्राप्त होने वाली आय और बिना टैक्स से प्राप्त होने वाली आय 98,337.15 करोड़ रुपए है. वित्तीय वर्ष 2016-17 में राज्य की आय 47,053.9 करोड़ रुपए थी, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में बढ़कर 98,337.15 करोड़ रुपए हो गई है. इस हिसाब से 51,283.25 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है.

**टैक्स से आय में 11.2 फीसदी का इजाफा :** टैक्स से राज्य की आय में पिछले नौ साल में 11.2 फीसदी का इजाफा हुआ है. वित्तीय वर्ष 2016-17 में टैक्स से राज्य को 13,299.25 करोड़ रुपए मिले थे. अब वित्तीय वर्ष 2023-24 में 30,860 करोड़ रुपए मिले हैं. इस हिसाब से 17,560.75 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है. सेंट्रल टैक्स के शेयर में 8.6 फीसदी की वृद्धि हुई है. वित्तीय वर्ष 2016-17 में सेंट्रल टैक्स से शेयर के रूप में 191,41.92 करोड़ रुपए मिले थे, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में बढ़कर 33,779.29 करोड़ रुपए हो गये हैं. यानी 31,837.37 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है.

**टैक्स से कितनी राशि मिली**

| वित्तीय वर्ष | राशि( करोड़ में) |
|---|---|
| 2016-17 | 13299.25 |
| 2017-18 | 12353.43 |
| 2018-19 | 14752.04 |
| 2019-20 | 16771.45 |
| 2020-21 | 16880.08 |
| 2021-22 | 21289.6 |
| 2022-23 | 25117.51 |
| 2023-24 | 30860.00 |

**सेंट्रल टैक्स में राज्य का शेयर**

| वित्तीय वर्ष | राशि( करोड़ में) |
|---|---|
| 2016-17 | 19141.92 |
| 2017-18 | 21143.64 |
| 2018-19 | 23906.16 |
| 2019-20 | 20593.00 |
| 2020-21 | 19712.23 |
| 2021-22 | 27734.65 |
| 2022-23 | 31404.00 |
| 2023-24 | 33779.28 |

**बिना टैक्स से राज्य की आय**

| वित्तीय वर्ष | राशि( करोड़ में) |
|---|---|
| 2016-17 | 5351.41 |
| 2017-18 | 7846.67 |
| 2018-19 | 8257.98 |
| 2019-20 | 8749.98 |
| 2020-21 | 7564.01 |
| 2021-22 | 10030.74 |
| 2022-23 | 12830.05 |
| 2023-24 | 17259.44 |

**भारत सरकार से कितनी मिली ग्रांट**

| वित्तीय वर्ष | राशि( करोड़ में) |
|---|---|
| 2016-17 | 9261.25 |
| 2017-18 | 14412.29 |
| 2018-19 | 9235.52 |
| 2019-20 | 12302.67 |
| 2020-21 | 11993.41 |
| 2021-22 | 10666.85 |
| 2022-23 | 10893.54 |
| 2023-24 | 16438.47 |

**बिना टैक्स से आय में 15.7 फीसदी की वृद्धि :** राज्य को बिना टैक्स से प्राप्त होने वाले आय में 15.7 फीसदी की वृद्धि हुई है. वित्तीय वर्ष 2016-17 में राज्य को बिना टैक्स के 5,351.41 करोड़ रुपए मिले थे. वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य को बिना टैक्स से 17,259.44 करोड़ रुपए मिले हैं. इस हिसाब से 11,908.03 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है.

**सेंट्रल ग्रांट में 2.7 फीसदी का इजाफा :** भारत सरकार ने मिलने वाले ग्रांट (अनुदान) में सिर्फ 2.7 फीसदी का इजाफा हुआ है. वित्तीय वर्ष 2016-17 में भारत सरकार से ग्रांट के रूप में 9,261.35 करोड़ रुपए मिले थे. जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में बढ़कर 16,438.47 करोड़ रुपए हो गये. इस तरह गैर टैक्स से ओवरऑल आय में 8.4 फीसदी का इजाफा हुआ है.

**वित्तीय वर्ष 2023-24 में किस सेक्टर में कितनी मिला टैक्स**

- लैंड रेवेन्यू- 1380.6 करोड़
- उत्पाद- 1489.5 करोड़
- निबंधन- 1058.20 करोड़
- ट्रांसपोर्ट- 1155.6 करोड़
- कॉमर्शियल टैक्स- 13453.3 करोड़

**साल दर साल राज्य की ओवरऑल आय**

| वित्तीय वर्ष | राशि( करोड़ में) |
|---|---|
| 2016-17 | 47053.9 |
| 2017-18 | 52756.00 |
| 2018-19 | 56151.7 |
| 2019-20 | 58417.1 |
| 2020-21 | 56149.7 |
| 2021-22 | 69721.86 |
| 2022-23 | 80245.22 |
| 2023-24 | 98337.15 |

**ओवरऑल आमदनी में 9.3 प्रतिशत का इजाफा**

- टैक्स से आए 64,639 करोड़, बिना टैक्स से खाते में आए33,697 करोड़
- पिछले नौ साल में टैक्स से आय में 11.2 फीसदी की हुई बृद्धि

### जिला पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग से मिली मंजूरी, अब दूसरे चरण के लाभुकों को मिलेगा लाभ

# रांची जिला में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनाओं के लिए लाभुकों का चयन

**रांची ।** जिला पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं के तहत प्रखंडों से प्राप्त आवेदकों की सूची को मंजूरी दी है. रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत इसकी मंजूरी दी. इसमें जिला स्तरीय चयन समिति (द्वितीय चरण) ने लाभुकों को योजना से लाभान्वित करने के लिए अनुशंसा की. 8 नवंबर 2023 को पहले चरण के लाभुकों का चयन किया गया था.

## योजनावार अनुमोदित पशुपालन प्रक्षेत्र में लाभुकों की संख्या

**पशुपालन प्रभाग**
मॉडल बकरा बकरी इकाई –
द्वितीय चरण– लाभुकों की संख्या – 04
कुल चयनित लाभुकों की संख्या–943

**सूकर विकास योजना**
द्वितीय चरण– लाभुकों की संख्या– 0
कुल चयनित लाभुकों की संख्या–465
मुर्गी पालन योजना – 400 (लो इनपुट लेयर मुर्गी पालन)
द्वितीय चरण– लाभुकों की संख्या– 8,
कुल चयनित लाभुकों की संख्या–151
बॉयलर मुर्गी पालन योजना – (500 बॉयलर मुर्गी)
द्वितीय चरण– लाभुकों की संख्या– 0,
कुल चयनित लाभुकों की संख्या–272
बत्तख चूजा वितरण की योजना (15 बत्तख चूजा 15 दिन का)
द्वितीय चरण– लाभुकों की संख्या– 312,
कुल चयनित लाभुकों की संख्या–2154

**गव्य विकास योजना**
दो गाय की योजना (अनुदान 90 प्रतिशत– )
द्वितीय चरण – लाभुकों की संख्या –37,
कुल चयनित लाभुकों की संख्या–83।
दो गाय की योजना (अनुदान 75 प्रतिशत– )
द्वितीय चरण – लाभुकों की संख्या –9,
कुल चयनित लाभुकों की संख्या–311
पांच गाय की योजना (अनुदान 75 प्रतिशत)
द्वितीय चरण – लाभुकों की संख्या –0,
कुल चयनित लाभुकों की संख्या–21
पांच गाय की योजना (अनुदान 50 प्रतिशत)
द्वितीय चरण – लाभुकों की संख्या –0,
कुल चयनित लाभुकों की संख्या–61
दस गाय की योजना (अनुदान 75 प्रतिशत)
द्वितीय चरण – लाभुकों की संख्या –0,
कुल चयनित लाभुकों की संख्या– 14
दस गाय की योजना (अनुदान 50 प्रतिशत)
द्वितीय चरण – लाभुकों की संख्या –0,
कुल चयनित लाभुकों की संख्या–19

**हाथ से चलने वाली कुट्टी मशीन**
हाथ से चलने वाले कुट्टी मशीन योजना (अनुदान 90 प्रतिशत– )
द्वितीय चरण – लाभुकों की संख्या –0,
कुल चयनित लाभुकों की संख्या– 3
हाथ से चलने वाले कुट्टी मशीन योजना (अनुदान 75 प्रतिशत– )
द्वितीय चरण – लाभुकों की संख्या –0,
कुल चयनित लाभुकों की संख्या–01

**विद्युत चालित कुट्टी मशीन की योजना**
विद्युत चालित कुट्टी मशीन की योजना (अनुदान 90 प्रतिशत)
द्वितीय चरण – लाभुकों की संख्या –0,
कुल चयनित लाभुकों की संख्या– 4
विद्युत चालित कुट्टी मशीन की योजना (अनुदान 75 प्रतिशत )
द्वितीय चरण – लाभुकों की संख्या –0,
कुल चयनित लाभुकों की संख्या–5

**मिल्किंग मशीन की योजना**
मिल्किंग मशीन की योजना (अनुदान 90 प्रतिशत– )
द्वितीय चरण – लाभुकों की संख्या –0,
कुल चयनित लाभुकों की संख्या– 03
मिल्किंग मशीन की योजना (अनुदान 75 प्रतिशत– )
द्वितीय चरण – लाभुकों की संख्या –0,
कुल चयनित लाभुकों की संख्या–06

**पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट की योजना**
पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट की योजना (अनुदान 75 प्रतिशत )
द्वितीय चरण – लाभुकों की संख्या –0,
कुल चयनित लाभुकों की संख्या–08

**वर्मी कम्पोस्ट यूनिट की योजना**
वर्मी कम्पोस्ट यूनिट की योजना (अनुदान 90 प्रतिशत– )
द्वितीय चरण – लाभुकों की संख्या –0,
कुल चयनित लाभुकों की संख्या– 40
वर्मी कम्पोस्ट यूनिट की योजना (अनुदान 75 प्रतिशत )
द्वितीय चरण – लाभुकों की संख्या–0,
कुल चयनित लाभुकों की संख्या–75

**डीप बोरिंग की योजना**
डीप बोरिंग की योजना (अनुदान 90 प्रतिशत– )
द्वितीय चरण – लाभुकों की संख्या –13,
कुल चयनित लाभुकों की संख्या– 34
डीप बोरिंग की योजना (अनुदान 75 प्रतिशत– )
द्वितीय चरण – लाभुकों की संख्या –0,
कुल चयनित लाभुकों की संख्या–20

**काऊ मैट की योजना**
काऊ मैट की योजना (अनुदान 90 प्रतिशत– )
द्वितीय चरण – लाभुकों की संख्या –0,
कुल चयनित लाभुकों की संख्या– 07
काऊ मैट की योजना (अनुदान 75 प्रतिशत– )
द्वितीय चरण – लाभुकों की संख्या–0,
कुल चयनित लाभुकों की संख्या–12

## रिम्स ओपीडी

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिनः डॉ संजय कुमार सिंह
- ऑर्थोपेडिकः डॉ जीके गुप्ता
- कार्डियोलॉजीः डॉ पीजी सरकार
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- नेत्रः डॉ सुनील कुमार
- ऑब्स गायनीः डॉ किरण त्रिवेदी
- ईएनटीः डॉ आरके चौधरी
- सीटीवीएसः डॉ विनीत महाजन
- नेफ्रोलॉजीः डॉ प्रज्ञा घोष पंत
- सायकेट्रीः डॉ अजय बाखला
- न्यूरोलॉजीः डॉ सुरेंद्र कुमार-डॉ रूपेश प्रसाद

## सदर अस्पताल

- मेडिसिनः डॉ बीएन पोद्दार, डॉ लक्ष्मीकांता सोय
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ रश्मि प्रसाद, डॉ रानी सिंह
- पीडियाट्रिक (शिशु रोग): डॉ दयानंद
- हेमाटोलॉजीःडॉ अभिषेक रंजन
- यूरोलॉजीः डॉ शैलेंद्र शुक्ला

## शहर में आज

1. सुतियांबे मुड़हर पहाड़ बचाओ अभियान को लेकर धुमकुड़िया भवन में पीसी - 2 बजे
2. झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की प्रेस कांफ्रेंस - कांग्रेस भवन - 1 बजे
3. बसंत मेले का आयोजन - अग्रसेन भवन - 10 बजे

**सूचनाः** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### रांची एडीएसओ मोनी कुमारी का स्वागत



**रांची।** गुरुवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष एडीएसओ मोनी कुमारी के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया. विभाग के मार्केटिंग पदाधिकारी और जन वितरण प्रणाली दुकानदारों ने उनका स्वागत किया. इस दौरान जन वितरण प्रणाली दुकानदारों की समस्याओं पर भी चर्चा हुई.

### नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद के एफिडेविट पर झामुमो ने सवाल उठाए

# प्रदीप वर्मा ने छुपायी संपत्ति करेंगे शिकायत : सुप्रियो

विशेष संवाददाता। रांची

भाजपा के नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा के नॉमिनेशन एफिडेविट पर झामुमो ने सवाल खड़ा किया है. झामुमो ने कहा कि एफिडेविट के संपत्ति ब्योरे में अपनी चल-अचल संपत्ति को छिपाया है. यहां तक कि कई जानकारियां भी छुपायी हैं. उनकी संपत्ति उत्तर प्रदेश से लेकर यहां तक कहां-कहां, क्या-क्या है. इसके सारे दस्तावेज पार्टी के पास हैं. चूंकि अब लोकसभा चुनाव होने हैं, इसे लेकर इलेक्शन कमीशन व्यस्त रहेगा. इसलिए अब चुनाव के बाद झामुमो इलेक्शन कमीशन में जाकर सारे दस्तावेज के साथ मिलेगा और इस निर्वाचन को चुनौती देगा. ये बातें पार्टी के प्रधान महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहीं.

**संपत्ति सहित कई जानकारियां प्रदीप वर्मा ने छुपायी, बाबूलाल जवाब दें :** भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा जो आदिवासी अस्मिता की बात करते हैं. इनके राज्यसभा प्रत्याशी ने मूल निवास को एफिडेविट में छुपाया. उसे रांची का बताया. वोटर खिजरी के हैं. उनको राज्यसभा भेजा. राज्यसभा में नामांकन के समय एक एफिडेविट देना पड़ता है. आपका और आपकी पत्नी की संपत्ति कितनी है, वो भी आपने दिया. बच्चों के नाम कितनी है, वो भी दिया. मगर प्रदीप वर्मा ने संपत्तियों का ब्योरा छिपाया. आपने बड़ी गलती कर दी है. आप 2000 में रांची आये. बिरला के फर्म में चाकरी के नाम पर आप उनके हॉस्पिटल और स्कूल के प्रबंध निदेशक के तौर पर काम शुरू किया और केयर टेकर भी थे. लेकिन 2000 के बाद जिस प्रकार से वर्मा की संपत्ति दिन दोगुनी, रात चौगुनी हुई, वह अप्रत्याशित है. प्रदीप वर्मा ने रघुवर काल में इतनी परिसंपत्ति अर्जित की, जिसे आप लिखना भी उचित नहीं समझे.

इनके पास अकूत संपत्ति है, जिसका जिक्र एफिडेविट में नहीं है. अनगड़ा थाना के महशेपुर में एक फार्म हाउस है. खेल गांव में उनका फ्लैट है, जिसका पेपर नागार्जुन कंपनी के साथ करार का पेपर मौजूद है. पंडरा के पास एक फ्लैट के मालिक हैं. सरला-बिरला के अंदर दवाई दुकान है, वह प्रदीप वर्मा की है. कई एनजीओ हैं. अरगोड़ा में भी भूखंड है. धनबाद में भी है. आजमगढ़ में एक शानदार महल भी खड़ा किया गया है.

### गोड्डा सांसद बताएं, हरियाणा में गैर विधायक को कैसे सीएम बनाया गया

सुप्रियो भट्टाचार्य ने गांडेय सीट से डॉ. सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद दो बातें बहुत प्रमुखता से ही थी. एक तो उन्होंने महाराष्ट्र का एक केस का जिक्र करते हुए कहा कि कल्पना सोरेन मुख्यमंत्री नहीं बन सकती हैं, क्योंकि जहां पर एक वर्ष या एक वर्ष से कम का कार्यकाल बचा है, वहां उपचुनाव नहीं कराया जा सकता है. जबकि उस समय न तो कल्पना सोरेन सक्रिय राजनीति में आयी थीं और न ही कहीं भी पार्टी के अंदर कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाए जाने की बात हुई थी. अब गोड्डा सांसद को अपने



आकाओं से यह सवाल पूछना चाहिए कि हरियाणा में कैसे एक गैर विधायक को किस कानून के तहत मुख्यमंत्री बना दिया गया. क्या हरियाणा इस देश का हिस्सा नहीं है. वहां कौन सा विधायक खट्टर जी के बाद मुख्यमंत्री बना. यह संविधान में कहां लिखा हुआ है कि संविधान और महाराष्ट्र उच्च न्यायालय को कोट करके अगर आप गांडेय पर सवाल खड़ा करते हैं तो हरियाण में एक नायाब प्रयोग क्यों हुआ. गोड्डा सांसद को लगता है कि वही केवल चौका-छक्का मार सकते हैं, मगर उनसे भी तेज बल्लेबाज अमित शाह हैं. उन्होंने हरियाण में जो काम किया. उनकी टीम के वाइस कैप्टन थे. उनपर अब वे क्या बोलेंगे. इनकी बोलती बंद हो गयी.

**महापात्र को भाजपा ने लाया था, खेल नहीं बनने पर नामांकन नहीं किया**

भट्टाचार्य ने कहा कि हरिहर महापात्रा को भाजपा ने मैदान में लाया था, ताकि अन्य राज्यों की तरह खेल किया जा सके. मगर जब यहां पर खेल नहीं बना, तब महापात्रा ने अपना नामांकन नहीं किया. बहुत जल्द भाजपा के चाल, चेहरा और चरित्र को हमलोग आहिस्ता-आहिस्ता सामने लाने का काम करेंगे.

### 'मीडिया अपना सूत्र बताने के लिए बाध्य नहीं, राज्य सरकार जोर न दे'

# मीडिया पर दबाव ना बनाएं : मरांडी

प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर



पोस्ट करते हुए राज्य सरकार पर निशाना साधा. कहा कि पत्रकार किसी को भी अपनी खबर का स्रोत बताने को बाध्य नहीं होते, फिर भी रांची पुलिस हेमंत सोरेन की ओर से ईडी के लोगों के खिलाफ दर्ज कराए गये फर्जी मुकदमे के मामले में पत्रकारों के ऊपर दबाव डालकर उनका सूत्र जानना चाहती है. पुलिस पत्रकारों के सूत्र जानने से पहले पत्रकारों और झारखंड की जनता को ये तो बताए कि हेमंत सोरेन 40 घंटे तक भगोड़े की तरह कहां छुपे थे, किधर से भागे.

### ईडी झारखंड में कर रही धुंआधार कार्रवाई

बाबूलाल ने कहा कि ईडी, झारखंड में पिछले करीब 2 सालों से भ्रष्टाचार के खुलासे के लिए धुंआधार कार्रवाई कर रही है, जिसकी कवरेज स्थानीय और नेशनल मीडिया पर भी होती रही है. पत्रकारों का काम ही है अंदर की खबरें निकालना, लेकिन झारखंड पुलिस द्वारा कानून का दुरुपयोग कर पत्रकारों पर दबाव डालना लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमले के समान है. हेमंत सोरेन ने अपने शासन के दौरान पुलिस-प्रशासन का दुरुपयोग अपराधियों को संरक्षण देने में किया.

### 'उच्च सदन में सशक्त आवाज बनेंगे डॉ प्रदीप'

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने डॉ प्रदीप वर्मा को दूरभाष पर बधाई व शुभकामनाएं दी. कहा कि डॉ वर्मा के अनुभव और उनकी कार्यक्षमता का लाभ राज्य की जनता को मिलेगा. डॉ वर्मा देश के उच्च सदन में झारखंड की सशक्त आवाज बनेंगे. नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि डॉ प्रदीप वर्मा का राज्यसभा के लिए चुना जाना एक कार्यकर्ता का सम्मान है. भाजपा में कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है. नव निर्वाचित राज्यसभा सदस्य डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा, यह जीत प्रदेश के लाखों कार्यकर्ताओं को समर्पित है जिनके अथक परिश्रम से ही ऐसे सुखद परिणाम मिलते हैं.

### ऑक्सीजन पार्क के पास से लापता किशोर चांडिल में मिला

**रांची।** शहर के मोरहाबादी में सुबह टहलने गया 15 वर्षीय किशोर लापता



हो गया है. लेकिन चंद घंटे बाद ही चांडिल में मिल गया. किशोर आदित्य कुमार कोकर चूना भट्ठा का रहने वाला है. आदित्य के पिता अविनाश कुमार ने गुरुवार सुबह सदर थाना में बेटे के लापता होने की शिकायत दर्ज करायी थी. बताया था कि उनका बेटा गुरुवार सुबह पांच बजे मोरहाबादी गया था, पर लौटा नहीं.

# भाजपा को चुनाव में जनविरोध का सामना करना होगा : झामुमो

विशेष संवाददाता। रांची

हेमंत सोरेन की रिहाई को लेकर झामुमो का उपवास गुरुवार को 29 वें दिन भी जारी रहा. रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका के समक्ष आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने किया. उन्होंने कहा कि 29वें दिन हम सभी यहां बापू वाटिका के समक्ष बैठे हुए हैं. लोगों का आक्रोश जिस प्रकार से बढ़ता जा रहा है और बीते दिनों में आदिवासी संगठनों के आंदोलन में हेमंत सोरेन को समर्थन मिला, उससे निश्चित तौर पर आगामी चुनावों में केंद्र की भाजपा सरकार को राज्य की जनता के विरोध का सामना करना पड़ेगा. कार्यक्रम में सुशीला एक्का, समनूर मंसूरी, पवन जेडिया, रामशरण तिर्की, अंतू तिर्की, बीरु साहू, जनक नायक, अश्विनी शर्मा, बीरु तिर्की, सचिव डॉ हेमलाल मेहता, कुदुस अंसारी, आफताब आलम, तालकेश्वर महतो, संजय राय, बबलू राम, अरविन्द सिंह देवल सहित अन्य नेता-कार्यकर्ता शामिल हुए.

# टेलीफोन की शिकायतों का निपटारा

संवाददाता। रांची

### चैंबर में शिविर

- बीएसएनएल ने चैंबर भवन में लगाया सहायता शिविर
- काफी संख्या में शिकायतें लेकर पहुंचे टेलीफोन उपभोक्ता

चैंबर भवन में गुरुवार को बीएसएनएल ने शिविर लगाया, जिसमें दर्जनों शिकायतों का निपटारा किया गया. शिविर वर्षों पूर्व बंद कराये गये टेलीफोन कनेक्शन के बकाया के भुगतान के लिए भेजे जा रहे नोटिसों से हो रही समस्या के आलोक में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के आग्रह पर लगाया गया था. शिविर में पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार बतौर मुख्य अतिथि व चैंबर के पूर्व अध्यक्ष ललित केडिया बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए. कैंप में बिल संबंधित शिकायतों में उपभोक्ताओं को मैक्सिमम छूट देते हुए उनके बिल को सेटल किया गया. उपभोक्ताओं के आग्रह पर कुछ टेलीफोन सरेंडर करने की प्रक्रिया भी पूरी की गई. कुछ उपभोक्ता अपना पुराना नंबर फिर से चालू करना चाहते थे. अधिकारियों ने इसकी प्रक्रिया से भी अवगत कराया. सिक्योरिटी डिपोजिट को वापस करने की प्रक्रिया भी कैंप के माध्यम से पूरी की गई. अधिकारियों ने बताया कि उपभोक्ता अपने आवेदन के साथ सिक्योरिटी डिपोजिट की छायाप्रति (यदि हो तो) और जिस एकाउंट में जमा राशि वापस चाहते हैं, उस बैंक एकाउंट के कैंसल चेक लगाकर जमा करा दें. कैंप में मोबाइल सिम को फोर जी में अपग्रेड करने की प्रक्रिया से भी उपभोक्ताओं को अवगत कराया गया.

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री और टेलिकम्यूनिकेशन उप समिति चेयरमेन अनिश सिंह ने संयुक्त रूप से इस कैंप के आयोजन के लिए बीएसएनएल के जीएम उमेश प्रसाद के प्रति आभार जताया.

### एचईसी प्रबंधन ने कहा, जल्द देंगे मजदूरों को वेतन

# किसी ठेका मजदूर को नहीं निकाला जाएगा : प्रबंधन

संवाददाता। रांची

गुरुवार को एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति और प्रबंधन के बीच बैठक हुई. प्रबंधन की ओर से एचएमबीपी और एचएमटीपी प्लांट के जीएम मौजूद थे. जानकारी की अनुसार, प्रबंधन ने कहा की किसी भी ठेका मजदूरों की छंटनी नहीं की जाएगी. नए टेंडर के डॉक्यूमेंट को तैयार किया जा रहा है. जल्द ही टेंडर प्रक्रिया की जाएगी. वहीं अगस्त 2023 को जो टेंडर रद्द किया गया था, इसके बाद के कार्यकाल के बारे में डायरेक्टर से वार्ता करने की बात कही गई. जानकारी की अनुसार, बैठक के दौरान प्रबंधन ने जल्द वेतन देने की बात कही. उनका कहना था की राउरकेला से पैसा आने के बाद वेतन दिया जाएगा. इसके लिए वह पूरी तरह से प्रयासरत हैं.



### 55 दिनों से कर रहे संघर्ष कांग्रेस नेता हुए शामिल

एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति पिछले 55 दिनों से आंदोलनरत है. गुरुवार को मुख्यालय के सामने आंदोलन कर रहे मजदूरों के प्रदर्शन में कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ शाहदेव शामिल हुए. उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा. वहीं एचईसी की बदहाली के लिए इसके प्रबंधन को जिम्मेवार बताया.

**विचार मंथन**

### मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की ग्रामीण विकास सचिव ने की समीक्षा

# मनरेगा योजना की कड़ी निगरानी होनी चाहिए : के. श्रीनिवासन

प्रमुख संवाददाता। रांची

ग्रामीण विकास सचिव के. श्रीनिवासन ने गुरुवार को योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की. अधिकारियों को निदेश दिया कि मनरेगा से जुड़ी योजनाओं में पारदर्शिता बनी रहे, इसके लिए मजबूत निगरानी होनी चाहिए. ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में मनरेगा का अहम रोल है. हर माह समीक्षा बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया, ताकि विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का नियमित और विस्तार से समीक्षा हो सके. ग्रामीण विकास सचिव ने महिला उत्पादक संगठन, जोहार परियोजना, झारखंड सूक्ष्म टपक सिंचाई परियोजना, महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना, पलाश ब्रांड, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, बिरसा विशिष्ट जनजातीय विकास योजना व उड़ान परियोजना, प्रखंड भवन निर्माण कार्य आदि से जुड़ी जानकारी भी ली.




### योजनाओं के क्रियान्वयन में बरतें पारदर्शिता

सचिव ने कहा कि मनरेगा से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए लाभुकों की भी जिम्मेवारी तय होनी चाहिए. इससे योजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करने में भी मदद मिलेगी और लाभुकों को बिचौलियों से निजात मिलेगी. उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत पंचायतों में चल रही योजनाओं का सोशल ऑडिट रेगुलर होना चाहिए. इससे योजनाओं में गड़बड़ी और लापरवाही पर अंकुश लगेगा. मनरेगा आयुक्त ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजनाओं की प्रगति, महत्वपूर्ण निर्णयों और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से रखी. उन्होंने मुख्यमंत्री को वित्तीय वर्ष 2023-24 की कार्य योजना से अवगत कराया.

### योजनाएं और इसके लक्ष्य

- चालू वित्तीय वर्ष में भी अबतक कुल 6.26 लाख योजनाओं को किया गया पूर्ण
- बंजर भूमि पर कैक्टस लगाने की योजना, वेगन लेदर में होगा इसका उपयोग
- अबुआ आवास योजना अंतर्गत ग्रामीणों के कच्चे मकान को किया जा रहा पक्का
- चालू वित्तीय वर्ष में 1015 लाख मानव दिवस का सृजन किया जा चुका है
- 900 लाख अनुमोदित मानव दिवस के विरुद्ध अब तक कुल 1015 लाख मानव दिवस सृजन किया जा चुका है. वहीं शत-प्रतिशत मजदूरी का भुगतान किया गया है
- बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत ग्रामीणों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से गत 4 वर्षों में कुल 1,31,850 एकड़ भूमि पर बागवानी के लक्ष्य के विरुद्ध कुल 1,10,665 एकड़ भूमि पर बागवानी के माध्यम से अबतक कुल 1,27,381 परिवारों को लाभान्वित किया गया है
- बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन के तहत मनरेगा तथा राज्य योजना मद की राशि से बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन अंतर्गत एक लाख सिंचाई कूप का निर्माण किया जा रहा है
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लाभुकों को पशु शेड दिए जाने का प्रावधान है. इसके तहत 27,786 योजनाओं की स्वीकृति दी गई है. अबतक 13,309 योजनाओं में शेड निर्माण पूर्ण किया जा चुका है
- प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 97.83 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हुए

**NILAMBER-PITAMBER UNIVERSITY**
**MEDININAGAR, PALAMU-822102**
Memo No.-NPU/R/192/24 Date - 14.03.2024
**ADVERTISEMENT**
Nilamber-Pitamber University is inviting online applications for need based Assistant Professors on purely contractual basis in NPU and its constituent colleges. Interested candidates may submit their applications online through the link available on Chancellor's Portal www.jharkhanduniversities.nic.in. from14.03.2024 till 25.03.2024 (05:00 pm).
For further details kindly visit the official website of the University i.e.www.npu.ac.in.
Registrar
Nilamber-Pitamber University
Medininagar, Palamu
Memo No. NPU/R/192/2024 Date 14/03/2024

**NILAMBER-PITAMBER UNIVERSITY**
**MEDININAGAR, PALAMU-822102**
Memo No.-NPU/R/193/24 Date - 14.03.2024
**ADVERTISEMENT**
Nilamber-Pitamber University is inviting online applications for 01(one) year Graduate apprenticeship training at Nilamber-Pitamber University, Medininagar, Palamu and its constituent colleges under Apprentices act,1961(as amended). The candidates who have done graduation from any recognized university/college of Jharkhand state between the years 2019 to 2023 can apply online through the googlelink https://forms.gle/2u3Z8HQ9jfJeB6 or through the given QR code till 23.03.2024.
For further details kindly visit the official website of the University i.e.www.npu.ac.in.
Registrar
Nilamber-Pitamber University
Medininagar, Palamu
Memo No. NPU/R/193/2024 Date 14/03/2024

# श्रीमहावीर मंडल का चुनाव 17 को, तैयारी बैठक में विचार विमर्श

संवाददाता। रांची

श्रीमहावीर मंडल केंद्रीय कार्यालय, दुर्गा मंदिर ट्रस्ट भवन, महावीर चौक में गुरुवार को चुनाव पदाधिकारी संग उम्मीदवारों बैठक हुई. इसमें 17 मार्च को होने वाले चुनाव की सफलता को लेकर विचार-विमर्श किया गया. साथ ही पारदर्शिता बनाये रखने के लिए तमाम उपाए करने को लेकर चर्चा की गयी. चुनाव पदाधिकारी कैलाश यादव ने सदस्यों को आश्वासन दिया कि चुनाव में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं होगी. उन्होंने बताया कि इसके लिए मतदान हॉल में सीसीटीवी कैमरा और साउंड सिस्टम लगाये जा रहे हैं. बाहर एलइडी के माध्यम से मतदान स्थल की हलचल सभी देख सकेंगे. मतदान हॉल में किसी को भी जाने की इजाजत नहीं है. सिर्फ मतदाता वोट डालने जायेंगे. चुनाव पदाधिकारी प्रमोद श्रीवास्तव, शंकर साहू, राजू यादव, शंकर साव और सहायक चुनाव पदाधिकारी विंदुल वर्मा उम्मीदवारों को जानकारी देने वालों में मुख्य थे.

**खास बातें**

- पारदर्शिता बनाये रखने के लिए किये जाएंगे सारे उपाय
- मतदान हॉल में सीसीटीवी कैमरा लगाने की हैयोजना

**पद और उम्मीदवार**

- अध्यक्ष पद : जय सिंह यादव, राकेश कुमार सिंह, अशोक कुमार पुरोहित, रवि कुमार पिंकू
- उपाध्यक्ष पद : मकू यादव, राज किशोर प्रसाद, राजा सेन गुप्ता, प्रेमकुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह
- मंत्री पद : राजेश कुमार सिन्हा, सुभाष कुमार साहू, नीलेश यादव, राकेश कुमार वर्मा पिंकु, दीपक ओझा
- सह-मंत्री पद : सुनील सिंह, उदय रविदास, प्रेमचंद चौधरी, गोपाल प्रसाद सोनी, जीवा धन प्रसाद
- कोषाध्यक्ष पद : प्रमोद कुमार सारस्वत और निशांत कुमार सिन्हा नीशू



**जोर-शोर से चल रही तैयारी**

श्री महावीर मंडल के चुनाव का बिगुल बज चुका है. चुनाव की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है. केंद्रीय कार्यालय, श्रीदुर्गा मंदिर ट्रस्ट भवन में शुक्रवार को चुनाव होगा. इस बार अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवार मैदान में हैं. उपाध्यक्ष, मंत्री और सह-मंत्री के लिए पांच और कोषाध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार भाग्य अजमा रहे हैं. प्रचार मंत्री पद के लिए मुन्ना शर्मा और अंकेक्षक पद के लिए प्रदीप कुमार गुप्ता भोला निर्विरोध चुन लिए गये हैं.

## प्रांतीय सम्मेलन में सम्मानित होंगी युवा प्रतिभाएं



**रांची।** मारवाड़ी युवा समर्पण शाखा के प्रांतीय युवा मंच के 22वें समागम 30 एवं 31 मार्च को आयोजित किया जाएगा. सम्मेलन में झारखंड के लगभग 400 युवा शामिल होंगे. बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र, प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता, झारखण्ड के पूर्व प्रांतीय अध्यक्षगण, पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, विभिन्न शाखाओं के अध्यक्ष, सचिव एवं युवा साथी समेत समाज के कई सम्मानित सदस्यगण एवं अभिभावक शामिल होंगे. सम्मेलन के लिए 250 से अधिक युवाओं ने अपना पंजीकरण करवा लिया है. समारोह की आयोजक सरिता बथवाल ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस सम्मेलन में झारखंड से मारवाड़ी समाज के युवा प्रतिभाओं को युवा रतन सम्मान से सम्मानित किया जायेगा. सम्मेलन प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता के मार्गदर्शन में होगा.

## डोरंडा कॉलेज के नए प्रोफेसर इंचार्ज का स्वागत

**रांची।** डोरंडा कॉलेज के नए प्रोफेसर इंचार्ज (प्रभारी प्रिंसिपल) डॉ. राजकुमार शर्मा को झारखंड छात्र मोर्चा ने बधाई दी. इसके अलावा अंग वस्त्र भी दिया. इस दौरान डॉ. राजकुमार शर्मा ने कहा कि इससे पहले डीएसडब्ल्यू रह चुका हूं. डीएसडब्ल्यू रहने के दौरान छात्रों के कई सारे काम किए हैं. उनकी समस्या का समाधान किया है. छात्रों को होने वाली समस्या का समाधान मैं कॉलेज स्तर पर ही कर लूंगा. झारखंड छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय सचिव असद फेराज टिंकू ने डॉ. राजकुमार शर्मा से छात्रहित संबंधित समस्या को बताया और कहा इस वर्ष सेमेस्टर 4 के रिजल्ट में 80% लगभग बच्चों को फेल कर दिया गया है. विश्वविद्यालय ने एक सप्ताह रिजल्ट सुधार कर जारी करने का भरोसा दिया है, इस मामले को अपने स्तर से विश्वविद्यालय पर दबाव बनाकर कराएं.

## दिव्यांगों को पांच हजार पेंशन देने की मांग



**रांची।** राजभवन के समक्ष 13 सूत्री मांग को लेकर दिव्यांगों का धरना गुरूवार को 106 वां दिन जारी रहा. दिव्यांग अशोक चौहान ने बताया कि झारखंड खनिज संपदा वाला राज्य है. राज्य सरकार प्रत्येक झारखंडी को नौकरी दे सकती है. पूरे राज्य में हजारों दिव्यांग होंगे. सरकार एक हजार रुपये दिव्यांग पेंशन देती है. जीवन गुजराने के लिए हमारे पास कोई रोजगार नहीं है. परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है. बढ़ती महंगाई में आवश्यक वस्तुएं खरीदना मुश्किल हो गया है. एक हजार पेशन को बढाकर पांच हजार की जाए, ताकि रोजी, रोजगार और पेट भर सके. गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकार नौकरी देती है. पर दिव्यांग को नहीं. धरना में ओमप्रकाश चौहान, सरोज बारला, रुबी कुमारी, प्रमिला कुमारी, कुमारी जिन्ना आदि शामिल थे.

## राज्यपाल से मिले संत जेवियर्स स्कूल के प्राचार्य

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को संत जेवियर्स स्कूल, डोरंडा के प्राचार्य फादर इग्नेशियस लकड़ा ने राजभवन में भेंट की. प्राचार्य ने राज्यपाल को बताया कि संत जेवियर्स स्कूल, डोरंडा के 2 के को-ऑर्डिनेटर व कंप्यूटर साइंस शिक्षक संतोष कुमार का सबसे लंबा कंप्यूटर प्रोग्रामिंग क्लास लेने के लिए 'गिनिज वर्ल्ड रिकॉर्ड' में नाम दर्ज हुआ है. उन्होंने लगतार 48 घंटे क्लास लेकर यह रिकॉर्ड बनाया है. राज्यपाल ने शिक्षक संतोष कुमार कि इस उपलब्धि की सरहाना की.

### अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंच की रांची ईकाई का आयोजन

# तीन दिवसीय बसंत मेला प्रारंभ

संवाददाता। रांची



**मेले में क्या है खास**

मेले में कुल 50 स्टॉल लागे हैं, जिनमें महिलाओं और बच्चों से जुड़े कपड़े, सजावट के सामान, भगवान की मूर्तियों की पोशाक, हैंडमेड ज्वेलरी, साड़ियां, हेयर एक्सेसरीज, डिजाइनर वॉल हैंगिंग, हैंडमेड होम डेकोरेटिव आइटम, पापड़, स्नैक्स, बच्चों के टॉय आदि उपलब्ध हैं. मेंल में इंट्री फी पांच रुपये हैं.

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंच की रांची इकाई के तत्वावधान में गुरुवार को अग्रसेन भवन में तीन दिवसीय बसंत मेला प्रारंभ हुआ. मेले का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि एग्जीक्यूटिव मेंबर ऑफ ऑल इंडिया गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. सुमन सिन्हा और अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल ने किया गया. मेले का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया. नैना मोर ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया. बसंत मेला का समापन 5 मार्च तक चलेगा.

मुख्य अतिथि डॉ. सुमन सिन्हा ने समिति के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपने सामाजिक कार्यों के दायरे में किसी भी क्षेत्र को अछूता नहीं छोड़ा है. उन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि हमें स्वयं को और आने वाली युवा पीढ़ी को विभिन्न बीमारियों से बचा कर रखना हैं. अग्रवाल सभा के मंत्री मनोज चौधरी ने समिति की सदस्यों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि समाज सेवा के कार्यों में अग्रवाल सभा सदैव आप के साथ हैं. नीरा बथवाल ने ऑनलाइन प्लेटफार्म उड़न परी, मातृ दूग्ध बैंक, राष्ट्रीय स्तर पर हो रहे त्वचा दानकार्य एवं अन्य मुख्य कार्यों की जानकारी दी. मुख्य अतिथि का परिचय मेले की सहसंयोजिका रीना सुरेखा ने दिया।

इस अवसर पर शशि डांगा ने बसंत मेले के 16 वें वर्ष के कार्यों का उल्लेख किया. मौके पर मंच का संचालन रीता केडिया ने किया. मेले की संयोजिका अलका सरावगी ने कहा कि मेले के उद्देश्य महिला उद्यमी को एक मंच प्रदान करना है. इससे लोग उनके काम को जाने और उद्यमी आगे बढ़ सके. नीरा बथवाल ने ऑनलाइन प्लेटफार्म पर मारवाड़ी महिला मंच के योगदान की जानकारी साझा की. कार्यक्रम के आयोजन में गीता डालमिया, बीना मोदी, मधु सर्राफ, मंजू केडिया, सरिता अग्रवाल, प्रीति पोद्दार, अनु पोद्दार, ललिता नारसरिया, रेखा जैन, रीना सुरेखा ने सहयोग दिया.

**खास बातें**

- मुख्य अतिथि डॉ सुमन सिन्हा ने की मंच के कार्यों की सराहना
- पांच मार्च को होगा बसंत मेले का समापन

### रीजनल कॉउंसिल के तहत चाटर्ड एकाउंटेंटस की महिला विंग का आयोजन

# महिला दिवस पर आज से 'उत्कर्षा' समारोह

संवाददाता। रांची



सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल के तहत चार्टर्ड अकाउंटेंट के महिला विंग के तत्वावधान में 15 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दो दिवसीय समारोह का आयोजन किया जाएगा. कोल इंडिया लिमिटेड के दरभंगा हाउस के सम्मेलन भवन में होनेवाले समारोह का नाम उत्कर्षा रखा गया है. यह जानकारी गुरुवार को प्रेस वार्ता में रीजनल काउंसिल मेंबर, चेयरपर्सन और सीए मनीषा बियानी ने दी.


उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि नारी समाज के हर रूप को व्यक्त करती है. जैसे शक्ति, विद्या, लक्ष्मी इत्यादि. नारी हर क्षेत्र में अग्रणी है. बिजनेस, प्रोफेशन, नौकरी या फिर गृहिणी, हर रूप में नारी समाज को परिपूर्ण करती है. नारी के सम्मान के लिए इस प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें न केवल चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, बल्कि सभी क्षेत्रों की महिलाएं सम्मिलित हो सकती हैं.

## डीएवी कपिलदेव स्कूल कडरू में 17 मार्च को होगी प्रवेश परीक्षा

**रांची।** डीएवी कपिल देव पब्लिक स्कूल, कडरू में 17 मार्च को ग्यारहवीं कक्षा के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा. इस संबंध में स्कूल प्रशासन की ओर से सूचना जारी की गयी है. विज्ञान और वाणिज्य संकाय में प्रोविजनल एडमिशन के लिए छात्र ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं. प्री बोर्ड के अंकों के आधार पर निर्धारित शर्तों को पूरा करनेवाले वाले छात्र फॉर्म भरकर प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकते हैं.

**न्यूज अपडेट**

## चयन प्रतियोगिता में 90 खिलाड़ियों ने भाग लिया



**रांची।** रांची जिला के 13 डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्रों के लिए गुरुवार को खिलाड़ियों की चयन प्रतियोगिता हुई. मोरहाबादी के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में हुई चयन प्रतियोगिता में शहरी क्षेत्र के विभिन्न जगहों से कबड्डी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, खो-खो, बास्केटबॉल के लगभग 90 खिलाड़ियों ने भाग लिया. जिसमें सभी खिलाड़ियों का बैट्री टेस्ट लिया गया. उक्त चयन प्रतियोगिता को सफल बनाने में जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह, जिला खेल समन्वयक आशीष बनर्जी, कार्यालय लिपिक बिरसी मुंडू, मुकेश कुमार, डे बोर्डिंग के तपन राउत, अघनू उरांव, शाहिद अंसारी एवं अन्य प्रशिक्षक मौजूद रहे.

## रांची से मोबाइल आई केयर वैन रवाना हुआ



**रांची।** सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने गुरुवार को एक मोबाइल आई केयर वैन नव भारत जागृति केन्द्र (एनबीजेके) हजारीबाग के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. सीएमपीडीआई के सीएसआर के तहत 34.82 लाख की लागत वाली मोबाइल आई केयर वैन एनबीजेके हजारीबाग को उपलब्ध करायी गयी है. इससे लगभग 10 हजार लोग हर साल लाभान्वित होंगे. इस मौके पर निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) अच्युत घटक, महाप्रबंधक (एचआरडी/सीएसआर) आरके महापात्रा, महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण तथा एनबीजेके के सचिव सतीश गिरिजा उपस्थित थे.

## शिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में डीएवी सेंटर फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस, नई दिल्ली व सीबीएसई पटना के तत्वावधान में शिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस अवसर पर प्राचार्य सह डीएवी स्कूल्स झारखण्ड जोन-जे के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एस के मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया. रिसोर्स पर्सन के तौर पर सीओई, पटना द्वारा प्रशिक्षित संसाधिका अनुराधा सिंह ने 21 शिक्षकों को 'हैप्पी क्लास रूम' की अवधारणा के बारे में बताया. विद्यार्थियों के व्यक्तित्व पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में जानकारी साझा करते हुए उन्होंने कक्षा को खुशहाल बनाए रखने के गुर सिखाए, ताकि बच्चे बिना किसी दबाव के ज्यादा से ज्यादा सीख सकें. वरिष्ठ शिक्षक धीरेन्द्र प्रसाद चांद एवं तकनीकी सहायक शिक्षक ऋषि कुमार की कार्यशाला के समन्वय में मुख्य भूमिका रही.

## मीन में सूर्य के प्रवेश करते ही लगा खरमास

**रांची।** सूर्य देव के गुरुवार को कुंभ राशि से निकलकर मीन राशि में प्रवेश करते ही खरमास लग गया. अब एक माह तक मांगलिक कार्य नहीं होंगे. शास्त्रों के अनुसार खरमास में शादी-विवाह, मुंडन और गृह प्रवेश आदि शुभ कार्य करना वर्जित माना जाता है. आचार्य श्यामसुंदर भारद्वाज ने बताया कि इस दौरान नये कारोबार की शुरुआत और जमीन आदि खरीदारी से भी परहेज करना चाहिए. शुभ कार्यों के लिए सूर्य और वृहस्पति का अच्छी स्थिति में रहना जरूरी है, लेकिन खरमास के दौरान दोनों कमजोर रहते हैं. ऐसे में शुभ और मांगलिक कार्य नहीं किए जा सकते. 13 अप्रैल को भुवन भास्कर पुनः जब मेष राशि में प्रवेश करेंगे तो शुभ कार्यों की शुरुआत हो जाएगी. फिर से शहनाइयां बजने लगेंगी, शुभ कार्य प्रारंभ हो जायेंगे. आचार्य अजय मिश्रा ने बताया कि होलिका दहन से आठ दिन पहले होलाष्टक की शुरुआत हो जाती है. होलाष्टक रविवार से शुरू हो रहा है. इसका समापन 25 मार्च को होगा.

### रिम्स में विश्व किडनी दिवस पर नुक्कड़ नाटक का मंचन, रैली भी निकाली गयी

# अंगदान से जुड़ी भ्रांतियों के बारे में बताया

संवाददाता। रांची

दुनिया भर में इन दिनों तेजी से किडनी से संबंधित बीमारियां बढ़ रही हैं. इस गंभीर बीमारी के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से हर साल मार्च के दूसरे गुरुवार को वर्ल्ड किडनी डे मनाया जाता है. इस साल का किडनी डे थीम है-किडनी हेल्थ फॉर ऑल. इसी कड़ी में गुरुवार को किडनी की बढ़ती बीमारियों के विषय में लोगों को जागरूक करने के लिए रिम्स में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम रिम्स के नेफ्रोलॉजी विभाग और इकोलॉजिकल सोसाइटी के द्वारा आयोजित किया गया था. कार्यक्रम की शुरुआत नुक्कड़ नाटक से हुई. रिम्स में पढ़ रहे एमबीबीएस के छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक ट्रामा सेंटर परिसर और ओपीडी कॉम्पलेक्स में प्रस्तुत किया गया. नुक्कड़ नाटक के जरिए छात्रों ने किडनी की बीमारी से कैसे बचें और अंगदान से जुड़ी भ्रांतियों के बारे में जानकारी दी और लोगों को जागरूक किया. इसके बाद नारे और पोस्टर के साथ रैली निकाली गयी जो ट्रामा सेंटर से शुरू होकर मुख्य अस्पताल परिसर होते हुए अकादमिक भवन तक गई. अकादमिक भवन में रंगोली और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रिम्स के निदेशक डॉ राजकुमार ने कहा कि किडनी की बीमारियों से बचने के लिए जागरूकता जरूरी है. जैसे एक दिन में कितना पानी पीना चाहिए या नमक की सही मात्रा क्या है, इत्यादि. इसके अलावा लक्षित दर्शक के अनुरूप जागरूकता की जानकारी को संशोधित करना चाहिए, ताकि ज्यादा लोग आपकी बात से सहमत हों.

**इमरजेंसी फिजिशियन डॉ शुभम शेखर ने दिए टिप्स**

**क्रॉनिक किडनी रोग (सीकेडी) :** यह एक दीर्घकालिक स्थिति है. जहां किडनी समय के साथ धीरे-धीरे काम करना बंद कर देती है. सामान्य कारणों में उच्च रक्तचाप, मधुमेह और अन्य स्थितियां शामिल हैं, जो किडनी में रक्त के प्रवाह को प्रभावित करती हैं.

**तीव्र किडनी चोट (एकेआई) :** यह किडनी की कार्यक्षमता में अचानक कमी है जो अक्सर गंभीर संक्रमण, निर्जलीकरण या दवा के दुष्प्रभावों के कारण होती है.



**कुछ अहम सुझाव**

**हाइड्रेटेड रहें:** भरपूर पानी पीने से किडनी को विषाक्त पदार्थों और अपशिष्ट उत्पादों को बाहर निकालने में मदद मिलती है.

**स्वस्थ आहार लें:** भरपूर मात्रा में फल, सब्जियां, साबूत अनाज और लीन प्रोटीन शामिल हैं. नमक, चीनी और संतृप्त वसा सीमित करें.

**रक्तचाप को प्रबंधित करें :** उच्च रक्तचाप समय के साथ किडनी को नुकसान पहुंचा सकता है. स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, निर्धारित दवाएं लें और नियमित रूप से अपने रक्तचाप की निगरानी करें.

**रक्त शर्करा को नियंत्रित करें :** यदि आपको मधुमेह है, तो गुर्दे की क्षति को रोकने के लिए अपने रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना महत्वपूर्ण है.

**स्वस्थ वजन बनाए रखें :** मोटापा गुर्दे की बीमारी के बढ़ते जोखिम से जुड़ा हुआ है. आहार और व्यायाम के माध्यम से स्वस्थ वजन का लक्ष्य रखें.

## श्रीराणी सती मंदिर कमेटी का होली रंगोत्सव आज से

**रांची।** श्रीराणी सती मंदिर होली रंगोत्सव के लिए सज-धज कर तैयार है. तीन दिनी उत्सव शुक्रवार से प्रारंभ हो जायेगा. मंदिर कमेटी के कमल खेतावत ने बताया कि शाम चार बजे श्रीगणेश पूजन से उत्सव की शुरुआत होगी. इसके बाद छह बजे श्रीदादी की संगोष्ठी होगी. तेजस राणा कथा वाचन करेंगे. दूसरे दिन शनिवार को सुबह आठ बजे श्रीदादी जी का जलाभिषेक किया जाएगा. दिन के दस बजे कृष्ण यादव और मनोज शर्मा के सान्निध्य में मेहंदी उत्सव मनाया जाएगा. फिर दिन के 11 बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी. शाम चार बजे ज्योत प्रज्वलन के साथ भक्ति गीतों का कार्यक्रम शुरू होगा, जो देर रात तक चलेगा. मनोज शर्मा, हर्षिता डीडवानिया और पायल अग्रवाल भक्ति गीतों की अविरल धारा बहायेंगी. इस दौरान शाम सात बजे चुनरी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा.




**विश्व किडनी दिवस** | मेडिका सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल की जागरूकता कार्यशाला में बोले विशेषज्ञ

# किडनी को नजरअंदाज करने से कई गंभीर समस्याएं

संवाददाता। रांची



**स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की सलाह**

इस अवसर पर उपस्थित चैंबर सदस्यों ने विशेषज्ञों से कई प्रश्न भी पूछे जिसका उत्तर देते हुए स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की सलाह दी गई. चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने डॉक्टरों को धन्यवाद देते हुए भगवान महावीर मेडिका सुपरस्पेशलिटी अस्पताल द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में किये जा रहे सकारात्मक प्रयासों के लिए आभार जताया. उन्होंने किडनी रोग के लक्षण और उसके निराकरण की बात भी पूछी, जिसे डॉक्टरों ने अच्छे ढंग से समझाया.

विश्व किडनी दिवस के अवसर पर गुरुवार को चैंबर भवन में भगवान महावीर मेडिका सुपरस्पेशलिटी अस्पताल द्वारा जागरूकता कार्यशाला सह पैनल डिस्कशन का आयोजन कर लोगों को किडनी संबंधी जानकारी दी गई.

कार्यशाला का आयोजन चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा की देखरेख में हुआ. किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज मिश्रा और डॉ. सिद्धार्थ कुमार ने कहा कि किडनी शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है. यह शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थों को फिल्टर कर मूत्र के जरिए बाहर निकलने का काम करती है. उन्होंने बताया कि यदि किडनी सही ढंग से काम न करे, तो इसके कारण शरीर के कई अंग प्रभावित होते हैं और कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं. किडनी की बीमारी को इग्नोर करने से कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं और किडनी फेल भी हो सकती है.

**ये रहे मौजूद :** पैनल डिस्कशन में पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार बतौर मुख्य अतिथि शामिल थे. इस अवसर पर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, कार्यकारिणी सदस्य संजय अखौरी, राम बांगड, सदस्य प्रकाश हेतमसरिया, जसविंदर सिंह, अनिश सिंह, किशन अग्रवाल, अंकित गाडोदिया, ओमप्रकाश सिंह, सरिता पांडे, शशांक भारद्वाज, सुनिल पोद्दार तथा अस्पताल प्रबंधन से भारती ओझा, आशा सिन्हा सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

ब्रीफ खबरें

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**मांडर।** दुष्कर्म के आरोपी मलती निवासी दीपक नायक (20) को मांडर पुलिस गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. उसके ऊपर थाना क्षेत्र की 55 वर्षीय मंदबुद्धि महिला के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है. मामले को लेकर पीड़िता की बहु ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी. आवेदन के अनुसार, पीड़िता गांव स्थित बगल घर में एक शादी समारोह में शामिल होने गई थी. देर रात जब शादी समारोह से वह वापस लौट रही थी, तब दीपक ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था.

## तेतला में 22 से अखंड हरिनाम नवकुंज महायज्ञ

**सोनाहातू।** प्रखंड के तेतला गांव के हरि मंदिर परिसर में 22 मार्च से 31 मार्च तक अखंड हरिनाम नवकुंज महायज्ञ का आयोजन किया गया. नौ दिवसीय हरिनाम कीर्तन एक साथ नौ मंदिरों में किया जाएगा. कीर्तन समिति द्वारा तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा हैं. नवकुंज आयोजन समिति के अध्यक्ष विदेशी महतो के साथ संरक्षक भजोहरी महतो, रामदास राय, विशेश्वर महतो, महादेव महतो सहित सभी सदस्य तैयारी में लगे हुए हैं.

## रक्षा मंत्री के कार्यक्रम में शामिल होंगे कार्यकर्ता

**पिपरवार।** लोकसभा चुनाव को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के इटखोरी आगमन को लेकर पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बूथ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की. पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि इस सम्मेलन में पिपरवार क्षेत्र के तीन पंचायत के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे. बैठक में मंडल कोषाध्यक्ष राम प्रसाद महतो, अरुण उरांव, धनराज भोक्ता, राजेश महतो, अजय सिंह, संजय कुमार भगत, महेश विश्वकर्मा, सोमरा गंझू, जगदीश भोक्ता, गणेश भुईयां, किरण कुमारी, राधा देवी, माधुरी देवी, करण महतो शामिल थे.

## ग्रामीणों ने कराई प्रेमी युगल की शादी

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड के चातमबाड़ी के ग्रामीणों ने एक प्रेमी युगल को बीते बुधवार रात रंगे हाथ पकड़ने के बाद गुरुवार को गांव के मंदिर परिसर में उनकी शादी करा दी. शादी के बाद लड़का पक्ष के लोग बहु को अपने घर ले गए. शादी के दौरान पंचायत के मुखिया लाल सिंह मुंडा समेत काफी संख्या ग्रामीण मौजूद थे. जानकारी के मुताबिक गांव के गौरी नाथ पाहन का गांव के ही एक विधवा के साथ काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था. लोगों ने बताया कि ये दोनों काफी समय से एक दूसरे से छुप-छिपा कर मिलते थे. घटना की लिखित जानकारी सिल्ली थाना को भी दे दी गई है.

## 20 को संवेदक संघ का होली मिलन

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के हनुमान मंदिर बीओसी मे गुरुवार को पिपरवार संवेदक संघ की बैठक हुई. अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष संजय पासवान और संचालन राजेंद्र कुमार गुप्ता ने किया. बैठक में आपसी सहयोग और भाईचारा बनाते हुए कार्य करने का निर्णय लिया गया. इस दौरान संवेदकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए एकजुट रहने की अपील की गई. बैठक में आगामी 20 मार्च को राय कोलियरी स्थित शिव मंदिर के नीचे पंप हाउस के समीप सपही नदी के तट पर होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया.

### कल्याणपुर ट्रांसपोर्टिंग सड़क मार्ग से फ्लाई ऐश और कोयला ढुलाई को ग्रामीणों ने कराया बंद

# धूलकण से बीमार पड़ रहे ग्रामीण, आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता। पिपरवार



**पनपा आक्रोश**

- भारी वाहनों के परिचालन से हो रही हैं सड़क दुर्घटनाएं
- ट्रांसपोर्टिंग मार्ग बंद करने से बाधित रहा आवागन

सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर ट्रांसपोर्टिंग सड़क मार्ग से फ्लाई ऐश और कोयला ढुलाई के कार्य को बंद कर दिया. ट्रांसपोर्टिंग सड़क के किनारे बसे कल्याणपुर जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र से कोयले एवं एनटीपीसी से निकलने वाले जहरीले फ्लाई ऐश का ट्रांसपोर्टिंग होने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है. इसके खिलाफ ग्रामीणों ने कोयला वाहनों और फ्लाई ऐश का परिचालन बंद कर दिया.

इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि जॉइंट बेंचर ऋत्विक तथा प्रगति कोल ट्रांसपोर्टिंग कंपनी इस मार्ग पर टंडवा एनटीपीसी से भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत जहरीले फ्लाई ऐश एवं चट्टी बरियातू कोल माइंस से कोयला ढुलाई कर रही है. वहीं मगध कोल परियोजना से मोनेट कंपनी कोल ट्रांसपोर्टिंग कार्य कर रही है. इससे सड़कों पर कोयला और फ्लाई ऐश गिरने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी होती है. इसके अलावा वातावरण में धूलकण से स्थानीय लोग बीमार पड़ रहे हैं. वही भारी वाहनों के लगातार परिचालन के कारण इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं.

ग्रामीणों ने इन क्षेत्रों से कोयला एवं फ्लाई ऐश वाहनों का परिचालन बंद करने की मांग की है. साथ ही चेतावनी दी है कि यदि मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा.

### दुष्कर्म पीड़िता ने दो लाख लेने से किया इंकार, कोर्ट में कहा

# पैसा नहीं मुझे न्याय चाहिए

**खास बातें**

- आरोपी आरपीएफ में दरोगा, बंगाल के सियालदह में पोस्टिंग
- शादी का प्रलोभन देकर युवती के साथ किया था दुराचार

संवाददाता। धनबाद

**आरोपी ने कोर्ट में जमा किया था दो लाख का डिमांड ड्राफ्ट, पीड़िता ने लेने से किया इंकार**




झारखंड हाइकोर्ट ने दुष्कर्म पीड़िता को दो लाख रुपए मुआवजा के तौर पर देने का निर्देश आरोपी को दिया था. आरोपी आरपीएफ में दरोगा और फिलहाल पश्चिम बंगाल के सियालदह में पोस्टेड है, आरोपी ने धनबाद कोर्ट में दो लाख रुपए का डिमांड ड्राफ़्ट जमा कर दिया, लेकिन पीड़िता ने गुरुवार को कोर्ट पहुंच कर इस राशि को लेने से इंकार कर दिया और कोर्ट से न्याय की अपील की. कहा- उसे पैसे नहीं इंसाफ चाहिए.

**दरोगा की तैयारी कर रही थी पीड़िता :** बरोरा थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती ने इस मामले की शिकायत बरवाअड्डे थाने में 31 मार्च 2023 को दर्ज कराई थी. शिकायत में बताया था कि वह दरोगा की तैयारी कर रही थी, इसी क्रम में फरवरी 2023 में फेसबुक से सियालदह डिवीजन के बरईपुर थाने में पोस्टेड सुनील कुमार के साथ परिचय हुआ था. तब वह बरवाअड्डा में रह कर तैयारी कर रही थी. दोनों के बीच फोन पर बातचीत होने लगी. 21 मार्च को सुनील ने फोन किया कि वह तैयारी में मदद करेगा. ये बात बोलकर वह बरवाअड्डा आ गया और उसके घर पर ही उसके साथ दुष्कर्म किया. उसने अश्लील वीडियो भी बना लिया था. जब उसने विरोध किया तो कहा गया कि उसके साथ वो शादी करेगा. इसके बाद अश्लील वीडियो को वायरल कराने की धमकी देकर उसके साथ लगातार दुष्कर्म करता रहा. सियालदह बुलाकर अपने दोस्त के घर पर भी उसने दुष्कर्म किया था. एक मई को जब वह बरवाअड्डा आया तो पीड़िता ने उससे शादी करने की बात कही, तो उसने जीवन बर्बाद करने की धमकी दी और पुलिसिया रौब दिखाते हुए चला गया. इसके बाद पीडिता ने मामले की शिकायत थाने में की थी. पुलिस ने मुकदमे में एफआइआर दर्ज किया और मामले की पड़ताल की गई.

**हाईकोर्ट से मिली थी जमानत**

आरोपी दरोगा को हाइकोर्ट से जमानत मिली थी, जमानत में ये कहा गया कि उसे पीड़िता को दो लाख मुआवजा देना होगा. इसके बाद आरोपी ने कोर्ट में दो लाख का डिमांड ड्राफ्ट जमा कर दिया. ये सुनकर पीड़िता को सदमा लगा, गुरुवार को इस केस में तारीख थी. पीड़िता और आरोपी दोनों कोर्ट पहुंचे. पीड़िता को यह जानकारी मिली कि उसे दो लाख रुपए मुआवजे के तौर पर दिये जा रहे हैं तो उसने रकम लेने से इंकार कर दिया. कहा कि आरोपी को सजा दिलवानी है न कि रकम लेना उसका मकसद है. अपने इंसाफ की लड़ाई को वह आगे भी जारी रखेगी. उनके अधिवक्ता धनंजय सिंह ने बताया कि रुपये नहीं लेने की बात कोर्ट में लिखित तौर पर दी जा चुकी है.

**धमकी देने का भी केस हो चुका है दर्ज**

पीड़िता ने बरोरा थाने में आरोपी दरोगा सुनील कुमार के खिलाफ वाट्सएप पर वीडियो चैट कर और वीडियो कॉल कर धमकी देने का मुकदमा 10 मार्च 2024 को दर्ज कराया है. इस मामले को लेकर पीड़िता ने कहा है कि न्यायालय से जमानत मिलने के बाद सुनील कुमार अपने और रिश्तेदारों के फोन से उसे फोन व चैट कर मुकदमा उठा लेने की धमकी दे रहा है. चैट में लिखा है कि... तुम अब जिंदा रहकर क्या करोगी, तुम्हारा इज्जत अब खत्म हो गया, तुम समाज में क्या करोगी, समाज में मुंह दिखाने के लायक नहीं हो..पीड़िता के बयान के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है.

## विधायक ने बीडीओ से ली कार्यों की जानकारी

**सिल्ली।** पूर्व उप मुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो गुरुवार शाम अचानक सिल्ली प्रखंड कार्यालय पहुंचे. जानकारी मिलने पर बीडीओ रेणु बाला तुरंत कार्यालय पहुंची. विधायक ने बीडीओ द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी ली. उन्होंने बीडीओ को निर्देश दिया कि जनता एवं जनप्रतिनिधियों के साथ व्यवहारिक रह कर जनता के हित में काम करें. जनता की शिकायतों का विशेष ध्यान रखें. बीडीओ के खिलाफ आम लोगों की शिकायत मिलने पर विधायक प्रखंड कार्यालय पहुंचे थे. मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, उप प्रमुख आरती देवी, लोबादाग मुखिया लाल सिंह मुंडा समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे.

## 20 अप्रैल को सरहुल महोत्सव मनाने का निर्णय

**डकरा।** चुरी उत्तरी पंचायत सचिवालय डकरा में एनके एरिया सरना समिति की रंथु उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में एन एरिया में 20 अप्रैल को सरहुल महोत्सव मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया. कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए कमिटी गठित करने पर भी सहमति बनी. महोत्सव की रूपरेखा की तैयारी को लेकर समिति के कोर कमिटी की सदस्यों की अगली बैठक 17 मार्च को होगी. बैठक में देवपाल मुंडा, कन्हाई पासी, लालचंद विश्वकर्मा, अमित कुमार लकड़ा, अशोक उरांव, अर्जुन उरांव, बसंत उरांव, रमेश तुरी, दिलीप गंझू, कमलेश उरांव, बबलू उरांव आदि मौजूद थे.

न्यूज अपडेट

## रोड सेल में कोयले का आवंटन बढ़ाने की मांग



**पिपरवार।** सीसीएल की परियोजनाओं से विस्थापित रैयत विस्थापित प्रभावित ट्रक ओनर एसोसिएशन की ओर से अशोका परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार को गुरुवार एक ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन में कहा गया है कि सीसीएल पिपरवार के परियोजनाओं के खनन क्षेत्र में सीसीएल की परियोजनाओं में रैयतों की जमीन चली गई. इसके बावजूद प्रबंधन द्वारा आज तक समुचित मुआवजा एवं नौकरी नहीं दी गई. बेरोजगारी की स्थिति में विस्थापित रैयतों द्वारा किस्तों पर ट्रक लेकर रोड सेल में चलाया जा रहा है. लेकिन सीसीएल द्वारा रोड सेल में कोयले का आवंटन नहीं बढ़ा कर रेल मोड में ज्यादा कोयला दिए जाने के कारण क्षेत्र के विस्थापित बेरोजगार हो रहे हैं.

## दो स्वास्थ्य उपकेंद्र व शेड निर्माण का शिलान्यास



**सिल्ली/मुरी।** विधायक सुदेश कुमार महतो ने गुरुवार को सिल्ली में दो स्वास्थ्य उपकेंद्र तथा कब्रिस्तान में शेड व पानी टंकी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. इसमें सिल्लीडीह एवं पिस्का पंचायत के खेरडीह गांव में उपस्वास्थ्य केंद्र निर्धारण एवं सुलुमजुड़ी कब्रिस्तान में विधायक निधि से सेड एवं पानी टंकी निर्माण शामिल है. स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण कार्य आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन योजना के तहत 55-55 लाख की राशि से होगा. खेरडीह में संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि उपस्वास्थ्य केंद्र में सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी. उन्होंने कहा कि गांवों के मूलभूत समास्याओं को दूर करते हुए क्षेत्र का लगातार विकास का कार्य किया जा रहा है.

## क्षमा साधु का आभूषण : असंग देव जी महाराज



**सोनाहातू।** राष्ट्रीय संत असंगदेव जी महाराज का सोनाहातू के एक दिवसीय सत्संग कार्यक्रम का अयोजन किया गया. श्रोताओं के बीच अपने प्रवचन में असंग देव जी ने कहा कि जितना श्रोता सुने, उतना ही बोलो. साधु का आभूषण क्षमा है, वही उसकी शोभा है. शादी होना सार्थक नहीं है, जब तक उनकी गृहस्थी की गाड़ी सही ढंग से न चले. क्रोध से सबको बचना चाहिये. उन्होंने कहा कि छह चीजें नर्क पहुंचाती है, चार स्वर्ग है और दो चीजों से इंसान स्वर्ग से ऊपर पहुंचता है. इंद्रियों का दुरुपयोग करने से नरक की प्राप्ति होती है. संत ने कहा कि मांस-मछली, शराब, नशापान बिल्कुल नहीं करना चाहिए. प्रवचन के अंत में सुखद सत्संग समिति, सोनाहातू के द्वारा संत असंगदेव जी महाराज का सम्मान किया गया.

## सीसीएल सीएमडी ने शायलो का जायजा लिया

**पिपरवार।** सीसीएल सीएमडी बी वीरा रेड्डी ने सीसीएल हेडक्वार्टर के उच्च अधिकारियों के साथ पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया. इस दौरान एनसीएल के पूर्व सीएमडी टीके नाग, एसईसीएल के पूर्व सीएमडी रामचंद्र रेड्डी, एसड एक्स डब्ल्यूसीएल के एसएम चौधरी शामिल थे. सीसीएल अधिकारियों के आगमन पर पिपरवार महाप्रबंधक सीबी सहाय, अशोका परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, सीएचपी/ सीपीपी परियोजना पदाधिकारी डी कुमार, स्टाफ ऑफिसर सिविल सुमन कुमार, स्टाफ ऑफिसर जेएसपी शर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने बुके देकर स्वागत किया. इस दौरान सीसीएल सीएमडी सहित अन्य अधिकारियों ने बचरा स्थित संगम विहार क्लब में पिपरवार क्षेत्र के अधिकारियों के साथ बैठक की. उन्होंने कोयला उत्पादन संप्रेषण एवं देश के अन्य पावर प्लांट में भेजे जाने वाले कोयला उत्पादन सहित कंपनी द्वारा लगाए गए उपकरणों के इस्तेमाल व रखरखाव की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली. इस क्रम में पिपरवार में सीएचपी/सीपीपी में शायलो, 20 मेगावाट सोलर पावर प्लांट एवं अशोक परियोजना में पुराने पड़े इनपिट क्रशर सहित कंपनी के उपकरण संचालन का निरीक्षण किया.

## मुरी ओपी पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



**सिल्ली/मुरी।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए मुरी ओपी पुलिस ने झारखंड-बंगाल सीमावर्ती क्षेत्र पर एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया. इस क्रम में चारपहिया एवं दोपहिया वाहनों की जांच की गई. जांच के दौरान बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस और ट्रिपल लोडिंग वाहन चला रहे चालकों को रोक कर वाहन जब्त किया गया. सभी जब्त वाहनों को आवश्यक कार्रवाई करने हेतु सभी मुरी ओपी लाया गया. इसमें आगे की कार्रवाई के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी को लिखा जाएगा. मुरी ओपी प्रभारी कुंदन सिंह ने अपील करते हुए कहा कि जब भी घर से वाहन लेकर निकलें, तो हेलमेट और ड्राइविंग लाइसेंस का उपयोग करें. नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने के लिए न दें, अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

## गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश शोभायात्रा



**राहे।** प्रखंड के सताकी गांव में गुरुवार शाम गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई. कलश यात्रा का नेतृत्व गणेश शंकर विद्यार्थी व पंडित रवि ठाकुर कर रहे थे. महिलाएं और युवतियां सिर पर कलश रख कर चल रही थीं. राम दरबार से कलश यात्रा निकलकर गांव से होते हुए रामघाट पहुंची. वहां पं. सपन ठाकुर ने मंत्रोच्चार कर छोटी नदी से कलश में जल भरवाया. इसके बाद कलश यात्रा यज्ञ स्थल पर पहुंची. रात में प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक किया गया. इसके साथ ही पांच दिवसीय श्रीराम चरित मानस कथा एवं महायज्ञ संपन्न हो गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज, विष्णु चरण महतो, रामेश्वर महतो, जयराम महतो, दशरथ महतो, फेकला महतो, रवींद्र नाथ महतो, अश्विनी कुमार मेहता, भीम, रमेश महतो, सुभाष, अकलू, अम्बुज, अक्षय, अनिल, विश्वनाथ, दिनेश आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

### यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए फैसला

# रांची से चार होली स्पेशल ट्रेनों का होगा परिचालन

संवाददाता। रांची



होली के दौरान होने वाली भीड़ को देखते हुए रेलवे ने रांची से चार होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है. इन ट्रेनों के शुरू होने से झारखंड से यूपी और बिहार जाने वाले लोगों को काफी सुविधा मिलेगी. रांची रेल डिविजन की ओर से होली के दौरान चलने वाली स्पेशल ट्रेनों की घोषणा कर दी गई हैं.

**ट्रेन संख्या 08838/08839 रांची – जयनगर – रांची**

23 मार्च : समय- ट्रेन का रांची प्रस्थान 23:55 बजे, जयनगर आगमन रविवार 16:30 बजे होगा.

24 मार्च : ट्रेन का जयनगर प्रस्थान रविवार 23:50 बजे, रांची आगमन सोमवार 16:45 बजे होगा.

**ट्रेन संख्या 08821/08822 रांची – गोरखपुर – रांची**

22 मार्च : समय- रांची प्रस्थान शुक्रवार 21:45 बजे, गोरखपुर आगमन शनिवार 16:00 बजे होगा.

24 मार्च : गोरखपुर प्रस्थान रविवार 05:00 बजे, रांची आगमन रविवार 21:25 बजे होगा.

**ट्रेन संख्या 05761 रांची - कटिहार**

29 मार्च : समय- रांची प्रस्थान शुक्रवार 20:30 बजे, कटिहार आगमन शनिवार 11:00 होगा.

**ट्रेन संख्या 05762 कटिहार-रांची**

21 व 28 मार्च : कटिहार प्रस्थान गुरुवार 22:30 बजे, रांची आगमन शुक्रवार 14:25 बजे होगा.

## रतनलाल बने आजसू के नामकुम प्रखंड अध्यक्ष

**नामकुम।** राजा उलातु स्थित वाईबीएन यूनिवर्सिटी में आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष संजय कुमार महतो की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय बैठक हुई. संचालन केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह ने किया. इस दौरान प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया. इसमें प्रखंड अध्यक्ष रतनलाल सिंह होंडा, महासचिव राजू उरांव, सचिव विनोद मुंडा, विशाल सिंह, विरेंद्र पांडेय व शंभु वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह व विनोद महतो, प्रवक्ता विवेक कुमार गोप, सह सचिव अमरजीत सिंह बनाए गए. इसके अलावा 11 कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन किया गया. मौके पर केंद्रीय महासचिव रामजी यादव, केंद्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधीर यादव, सचिव राम दुर्लभ सिंह मुंडा, सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव, महिला जिला अध्यक्ष वीणा देवी, संजीव कुमार सिंह, जलनाथ चौधरी, कर्नल भगवान यादव, माथुर प्रसाद, मृत्युंजय प्रसाद, सावित्री देवी, वीणा देवी, सारदा देवी, अनिता देवी, सुनीता देवी, पिंकी देवी, विशाल सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे.

### झारखंड में महिला अपराध के 397 मामले दर्ज

# हर दूसरे घंटे अपराध की शिकार हो रही हैं महिलाएं

सौरभ सिंह। रांची



झारखंड में हर दूसरे घंटे महिलाएं अपराध की शिकार हो रही हैं. पिछले एक माह की बात की जाए तो राज्य के अलग-अलग जिलों में महिला अपराध से संबंधित 397 मामले दर्ज हुए हैं. इनमें बलात्कार, अपहरण, छेड़खानी, दहेज हत्या और दहेज प्रताड़ना शामिल है. एनसीआरबी के 2022 के आंकड़े के मुताबिक, झारखंड में 7678 मामले दर्ज हुए, जिनमें झारखंड पुलिस सिर्फ 3644 मामलों में ही चार्जशीट दाखिल कर पायी. वहीं 1300 आरोपी दोषी करार दिये गये.

**दुष्कर्म में रांची, अपहरण में दुमका और छेड़खानी में बोकारो रेंज पहले स्थान पर :** दुष्कर्म में रांची, अपहरण में दुमका और छेड़खानी में बोकारो रेंज पहले स्थान पर है. रांची रेंज के जिले में सबसे अधिक 30 दुष्कर्म की घटनाएं हुई है. इसके बाद पलामू रेंज में 21, कोल्हान रेंज में 15, हजारीबाग रेंज में 15, दुमका रेंज में 13 और बोकारो रेंज में छह दुष्कर्म की घटनाएं हुई है. अपहरण की बात की जाये तो दुमका रेंज में 23, पलामू रेंज में 22, रांची रेंज में 17, हजारीबाग रेंज में 15, कोल्हान रेंज में 13 और बोकारो रेंज में 11 घटनाएं हुई है. छेड़खानी के मामले में बोकारो रेंज में 14, पलामू रेंज में 11, रांची रेंज में 10, कोल्हान रेंज में आठ और दुमका रेंज में छह घटनाएं हुई हैं.

### रमजान-उल-मुबारक का पहला जुमा आज, अमन पसंद और इंसाफ पसंद बनें

# अल्लाह की इबादत का माह है रमजान : साकिर

संवाददाता। ओरमांझी



**पाक माह**

- मजहबे इस्लाम में ईमान ओ आमाल के तीन दर्जे
- सामूहिक नैतिकता का पाठ भी पढ़ता है इस्लाम

झामुमो युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सह समाजसेवी साकिर अंसारी ने बताया कि मुकद्दस महीना रमजान के पुरनूर लम्हों को हासिल करने की तड़प जिसे मय्यसर हो जाए, वो एहसासे बंदगी से तरबतर हो जाता है. आंखों में नमी, दिल में नरमी रब से सीधी लौ ही नहीं लगाती, बल्कि वो बंदा रब का महबूब भी हो जाता है. इंसान के जेहन में पाक ख्यालात का मुकम्मल माहौल रमजान में मय्यसर होता है.

उन्होंने यह भी कहा कि यह महीना रोजेदार बंदों को अल्लाह की मर्जी को कुबूल करने की समझ और सलामती के साथ दूसरों तक भलाई की बातें पहुंचाने की जिम्मेदारी देता है, ताकि सामाजिक ढांचा अमन पसंद, इंसाफ पसंद हो. लिहाजा इस्लाम में ईमान ओ आमाल के तीन दर्जे बताए गए हैं. पहला दर्जा यह है कि जब भी कोई बुरा काम होता देखें, तो अगर हाथ से रोकने की ताकत रखते हैं, तो उस बुरे काम को अपनी ताकत के दम पर रोक दें. इसे ईमान का सबसे मजबूत दर्जा बताया है. दूसरा यह है कि अगर किसी बुरे काम को ताकत से नहीं रोक सकते हैं, तो फिर अपनी जबान से रोक दें. यह ईमान का दरमियानी दर्जा है और तीसरा दर्जा यह है कि अगर अपने हाथ और जुबान से नहीं रोक सकते हैं, तो फिर उस बुरे काम को अपने दिल से बुरा जानें. यह ईमान का सबसे हल्का दर्जा बताया है.

साकिर अंसारी ने कहा कि इस्लाम ने सामूहिक नैतिकता का पाठ भी पढ़ाया है, जिसमें इंसाफ, निष्पक्षता, भाईचारा, करूणा, दया, एकजुटता प्रमुख हैं. माहे रमजान इन सब लफ्जों के मायने को बाअमल बनाता है. उन्होंने कहा कि शुक्रवार को रमजान का पहलस जुमा है. रोजे का यह सफर दिल, जिस्म, रूह की पाकीजगी के साथ मंजिल की तरफ आगे बढ़ता है, तो बंदे के चेहरे को नूर से चमका देता है. मंजिल पर पहुंचना तब आसान हो जाता है, जब बंदा सिराते मुस्तकीम यानी सीधी राह पर चले, न कि भटके हुए लोगों के साथ शामिल हो. रोजेदार बंदे को इस तरह कामयाबी का रास्ता मिल जाता है, जो जन्नत की तरफ ले जाता है.

## मांडर पुलिस ने सुलझा ली हत्याकांड की गुत्थी

**मांडर।** परयागो निवासी दुलारी कच्छप की हत्या मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है. हत्याकांड के अप्राथमिकी अभियुक्त हत्या के आरोपी पुनगी निवासी धीरन उरांव उर्फ धीरज उरांव उर्फ चरका को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. बता दें कि दो दिन पूर्व सुबह शौच के लिए घर से निकली दुलारी कच्छप की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी. मामले को लेकर परिजनों द्वारा चार लोगों के खिलाफ मांडर थाने में नामजद प्राथमिक दर्ज कराई थी. वहीं, पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी धीरन ने पुलिस को बताया कि उसी ने गोली मार कर दुलारी की हत्या की थी. उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त रिवॉल्वर और एक कारतूस और एक खोखा बरामद किया गया. हालांकि, हत्या करने के पीछे की वजह उसने नहीं बताई है.

### डॉ प्रदीप अधिकारी ही रहेंगे करमचंद भगत महाविद्यालय के प्राचार्य

# प्राचार्य बदलने का फैसला वापस

सुनील कुमार गुप्ता। बेड़ो



**उठाए सवाल**

- प्राचार्य बदलने के विरोध में धरना के बाद निर्णय
- अभाविप के नेतृत्व में धरना दे रहे थे सैकड़ों छात्र

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बेड़ो इकाई के नेतृत्व में करमचंद भगत कॉलेज परिसर में सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ एक दिवसीय धरना दिया. सभी छात्र कॉलेज में स्थाई प्राचार्य की नियुक्ति की मांग कर रहे थे. बता दें कि बुधवार को कुलपति के आदेश पर रांची विश्वविद्यालय ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रदीप अधिकारी को बदल कर नए अस्थाई प्राचार्य की नियुक्ति कर दी थी.

प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने रांची विश्विद्यालय के कुलपति के नाम कॉलेज में प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा. छात्रों ने जल्द से जल्द विषयवार शिक्षकों की कमी को दूर करने, स्नातक सेमेस्टर दो के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम जल्द जारी करने और कॉलेज के पुस्तकालय में नई शिक्षा नीति के तहत विषयवार सभी पुस्तकें उपलब्ध कराने की मांग की. प्राचार्य ने 15 दिनों के अंदर सभी मांगों को विश्विविद्यालय से पूरा कराने का आश्वासन दिया.

वहीं, आंदोलन को देखते हुए कुलपति ने निर्णय वापस ले लिया और तो करमचंद भगत कॉलेज कॉलेज में नए प्राचार्य की नियुक्ति पर रोक लगा दी. धरना प्रदर्शन में अभाविप के रोहन कुमार, विक्रम कुमार महतो, सुशांत कुमार, दिवाकर महतो, योगेश कुमार, हेमंत कुमार, सतीश कुमार, अनमोल कच्छप, पंकज भगत, अनिमा तिर्की, रुपाली ठाकुर, शिखा सिंह समेत सैकड़ों छात्र छात्राएं शामिल थे.

